

घट स्थापना का मुहूर्त

19 मार्च सुबह 6:52 से 7:53 बजे तक का समय शुभ, जब मीन लग्न उदय होगा

इसके अलावा दोपहर 12:05 से 12:53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना की जा सकती है

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com | नई दिल्ली, गुरुवार 19 मार्च 2026 | चैत्र मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 334 | पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 | मौसम : अधि. 29 न्यून. 18


**प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री**



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

### दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पालम की घटना

# इमारत में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग से एक ही परिवार की बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत नौ सदस्यों की मौत हो गई। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। दो साल की बच्ची समेत परिवार के तीन लोग घायल है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। घटना में घायल







तीन लोगों में दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से बाहर छलांग लगाई थी। पुलिस के अनुसार इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित है। इमारत के बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। आग की सूचना पुलिस को ⏩ शेष पेज 5 पर

**पालम आग हादसा : सीएम ने 10-10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा**

## मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक, दिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

*हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग की घटना पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में हुई मासूमों की मौत को हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। मुख्यमंत्री ने इस हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही, मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता (मुआवजे) की घोषणा की है। इनमें मृतक वयस्कों के परिजनों को 10 लाख रुपये, मृतक नाबालिगों के* ⏩ शेष पेज 5 पर

## 'तकनीक' ने जला डाली 8 जिंदगियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



यहां इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं।

मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार आग ने घर में रखे गैस सिलेंडरों व केमिकलों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। बिजली गुल होने से घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मुताबिक यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का ⏩ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देते हुए सबसे पहले की जाएगी घरेलू मांग की पूर्ति

# घरेलू एलपीजी का उत्पादन 40% बढ़ा, देश में नहीं पेट्रोल-डीजल की कोई कमी, अफवाहों से बचें लोग

- गैस वितरकों के पास लग रही लोगों की लंबी कतार सरकार के लिए चिंता का विषय।
- देश में मौजूद पर्याप्त मात्रा में मौजूद है हवाई ईंधन, तेल कंपनियों ने अभी तक नहीं बढ़ाए हैं दाम
- राज्यों में छापेमारी संग तेल कंपनियों ने किए 2300 औचक निरीक्षण
- 80 हजार 886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर यूएई से भारत पहुंचा जग लाडकी जहाज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच सरकार ने बुधवार बताया कि एलपीजी के मामले में खासतौर पर गैस वितरकों के पास लग रही लोगों की लंबी कतार चिंता का विषय बना हुआ है। लेकिन आपूर्ति को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए रिफाइनरियों ने एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाकर 40 फीसदी तक कर दिया है। वहीं, देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। तेल कंपनियां अपनी शत-प्रतिशत क्षमता के साथ उत्पादन कर रही हैं। फिलहाल इस मामले को लेकर केंद्र के पास कहीं से भी कमी या ड्राई आउट की कोई शिकायत नहीं आई है। इसलिए आम जनता से यह अपील है ⏩ शेष पेज 5 पर

### राज्यों को एलपीजी का अतिरिक्त आवंटन



उन्होंने बताया कि एलपीजी से पीएनजी की ओर आगे बढ़ने की दिशा में केंद्र ने राज्यों को एक पत्र लिखकर 10 फीसदी अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी का आवंटन करने की पेशकश भी की है। जिससे सीजीडी नेटवर्क मजबूत होगा। मूल रूप से मौजूदा हालात में दिया जाने वाला यह एक प्रकार का प्रोत्साहन है, जो चरणबद्ध रूप से लागू होगा। इसके अलावा सीजीडी के पास गैस कनेक्शन को लेकर किए जा रहे आवेदनों को मंजूरी देने के लिए राज्य-जिला स्तरीय समितियों के गठन पर 1 फीसदी, डीम्ड अनुमतियों से जुड़े आदेश पर 2 फीसदी, डिग-रेस्टोर योजना लागू करने पर 3 फीसदी और वार्षिक लीज शुल्क कम करने के लिए 4 फीसदी अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए भी सरकार ने पूर्व में राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को लिखित रूप से जरूरी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।

### *दुनिया के 40 देशों से जारी तेल की खरीद*

*शर्मा ने कहा कि हमने उपभोक्ताओं से ये अपील भी की है कि जहां तक संभव हो सके एलपीजी को छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लें। इसका जमीनी रूप से असर भी दिखने लगा है। बीते दो सप्ताह में कंपनियों द्वारा कुल करीब 1 लाख 20 हजार नए कनेक्शन दिए जा चुके हैं। केंद्रीय दिशानिर्देशों की अंतिम अनुपालना की जिम्मेदारी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों की है। उनके माध्यम से ही घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को तेजी से पीएनजी कनेक्शन मिल सकेंगे। 15 राज्यों ने वितरकों को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दिए हैं। बीते करीब चार दिनों में देश में 7 हजार 200 टन कमर्शियल एलपीजी उत्थान हुआ है। कच्चे तेल की भी देश में कोई कमी नहीं है। फिलहाल भारत दुनिया के 40 देशों से इसकी खरीद कर रहा है।*

### *एविएशन फ्यूल का पर्याप्त स्टॉक है*

*देश में एविएशन टर्बाइन फ्यूल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। तेल कंपनियों ने कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हमारे लिए देशहित सर्वोपरि है, जिसके तहत सबसे पहले हम घरेलू मांग की पूर्ति करने को ही शीर्ष प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर उत्पादन सरप्लस होगा तो संबंधित विभाग या अधिकारी निर्यात को लेकर उचित समय पर उचित निर्णय करेंगे। वहीं, कच्चे तेल की खरीद की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि इसका संबंध वैश्विक बाजार से है, वहां कीमतें बढ़ी हैं। जिनका प्रभाव हम पर भी पड़ा है। लेकिन देश में इन सबके बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अभी फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।*

### *80 हजार 886 मीट्रिक टन तेल पहुंचा भारत*

*केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज की खाड़ी के पश्चिम में युद्ध के बीच फंसे हुए देश के 22 जहाज और उनमें सवार 611 लोग सुरक्षित हैं। इनके संबंध में कोई नकारात्मक सूचना नहीं मिली है। भारतीय ध्वज वाला जहाज 'जग लाडकी' 18 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया है। जिसमें यूएई से मंगवाया गया लगभग 80 हजार 886 मीट्रिक टन कच्चा तेल का कार्गो मौजूद है। तेल को यूएई के फुजैराह पोर्ट पर लोड किया गया था। उन्होंने कहा, पिछले 24 घंटों में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 25 भारतीयों की वतन वापसी हुई है। हमारा कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है। पिछले एक दिन में करीब 125 कॉल, 450 ईमेल मिले हैं, जिनका जवाब दिया गया है। एलपीजी जहाज शिवालिक और नंदा देवी से कार्गो डिस्चार्ज तेल कंपनियों के मुताबिक जारी है। कार्गो मूवमेंट के* ⏩ शेष पेज 5 पर

### विपक्ष ने आपत्ति जताते हुए की सरकार से मामले पर स्पष्टीकरण देने की मांग

## लोकसभा में सुनाई दी नोरा फतेही के फिल्मी गाने सरके चुनर तेरी...की गूंज

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले, गाने पर पहले ही लगा दिया है बैन, उचित पाबंदियों के दायरे में होनी चाहिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष की तरफ से फिल्म अभिनेत्री नोरा फतेही के गाने 'सरके चुनर तेरी...' का मामला जोरदार अंदाज में उठाया गया। जिसके जवाब में केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार का रुख साफ करते हुए कहा कि केंद्र ने पहले ही इस गाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उचित पाबंदियों के दायरे में ही होनी चाहिए। जो मूल रूप से समाज और संस्कृति का सम्मान करती हो। बोलने की आजादी किसी भी तरह से असीमित नहीं हो सकती है। क्योंकि इसके साथ हमारे समाज और संस्कृति का महत्वपूर्ण संदर्भ जुड़ा हुआ है। देश में बच्चों, ⏩ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री नायब बोलेः राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की आंतरिक स्थिति उजागर हुई

## कहा, इनेलो कांग्रेस की बी टीम साबित हुई है जिसने कांग्रेस को मजबूती देने का प्रयास किया

- विधानसभा में कांग्रेस की भूमिका निराशाजनक रही। वे मुद्दे लेकर तो आए, लेकिन जब जवाब देने का समय आया तो सदन छोड़कर चले गए : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही पोलिंग एजेंट की भूमिका में नजर आया। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में बजट सत्र समाप्त होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। राज्यसभा चुनाव को लेकर पूछे एक सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेतृत्व को अपने ही नेताओं पर विश्वास नहीं रहा और जनता का भरोसा भी पार्टी से उठ चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि जो ईमानदार लोग कांग्रेस से जुड़े थे, उनका विश्वास भी अब डगमगा गया है। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यसभा चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न हुआ है, जिसमें उनके प्रत्याशी संजय भाटिया की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया जा रहा ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारतीय एजेंसी रॉ को लेकर जो सोच पाकिस्तान की है, वही सोच राहुल गांधी की भीः भाटिया

## अपरिपक्व होना अलग बात है, नेता प्रतिपक्ष राहुल का भारत विरोधी हो जाना चिंता का विषयः भाजपा

- भाजपा ने अमेरिकी एजेंसी यूएससीआईआरएफ द्वारा जारी 'वार्षिक रिपोर्ट 2026' का समर्थन करने पर राहुल गांधी और कांग्रेस की जमकर आलोचना की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अमेरिकी एजेंसी यूएससीआईआरएफ द्वारा जारी 'वार्षिक रिपोर्ट 2026' का समर्थन करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस की जमकर आलोचना की। भाटिया ने कहा कि अपरिपक्व होना अलग बात है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का भारत विरोधी हो जाना चिंता का विषय है। भारतीय एजेंसी रॉ को लेकर जो सोच पाकिस्तान की है, वही सोच राहुल गांधी की भी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि एक बार फिर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह दिखा दिया है कि जिसे वह मोहब्बत की दुकान कहते हैं, उस मोहब्बत की दुकान में केवल भारत विरोधी सामान है। आज देश की जनता राहुल गांधी से ⏩ शेष पेज 5 पर






### राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे की मांग, बढ़ाया जाए संसदीय सत्र

### राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# राजनीति में फुलस्टॉप नहीं होता, योगदान अनुभव ही मूल्यवान, नए सांसद सीख लें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- राज्यसभा में सदस्यों की विदाई के अवसर पर नेता विपक्ष ने कहा– राजनीतिक लोग सार्वजनिक जीवन से कभी रिटायर नहीं होते और न ही देश सेवा के जज़्बे में थकते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। विदाई भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। सदन के अंदर चर्चाओं में हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लकुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा। दलीय सीमाओं से ऊपर सभी सम्मान करना और अनुभव साझा करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को संसद सत्रों की अवधि बढ़ाने की मांग की, ताकि महत्वपूर्ण विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा हो सके और जनता के मुद्दों पर गंभीर बहस ⏩ शेष पेज 5 पर

### असंसदीय शब्दों को हटाने के बहाने भाषण के हिस्से न हटाए जाएं



असंसदीय शब्दों के नाम पर भाषण के हिस्सों को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने पर नाराजगी जताते हुए खरगे ने कहा कि कई बार उनके भाषण के अंश हटा दिए जाते हैं, जिससे उनका अर्थ बदल जाता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर राज्यसभा की प्रक्रिया और नियमों की भी समीक्षा होनी चाहिए। खरगे ने कहा कि राजनीति में रहने वाले लोग सार्वजनिक जीवन से कभी रिटायर नहीं होते और न ही देश सेवा के जज़्बे में थकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्य दोबारा सदन में लौटेंगे, जबकि कुछ को यह अवसर नहीं मिल पाएगा, इसलिए आज का यह अवसर विशेष महत्व रखता है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि ₹कहां से शुरू करें, कुछ समझ नहीं आता; आपकी विदाई के जिक्र से दिल भर आता। जनप्रतिनिधि के रूप में अपने 54 साल के राजनीतिक जीवन का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि उन्होंने हमेशा सीखने की कोशिश की। राज्यसभा में विद्वान सांसदों के साथ काम करने से मिला अनुभव उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में अलग-अलग राज्यों से आए नेताओं, विभिन्न विचारधाराओं के लोगों और उनके अनुभवों से बहुत कुछ सीखने लायक रहता है। खरगे ने कहा कि अपने पूरे संसदीय जीवन में उन्होंने सदन में नियमित रूप से उपस्थित रहने और चर्चाओं में भाग लेने की पूरी कोशिश की। अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ सभी पक्षों की बातों को सुनना और अच्छी बातों को सीख कर व्यवहार में लाने ⏩ शेष पेज 5 पर

# राज्यसभा के सेवानिवृत्त सदस्यों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के सम्मान में आज उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2025 में कुल 26 सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जबकि वर्ष 2026 में 73 सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिनमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी शामिल हैं। समारोह में संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने स्वागत भाषण देते



हुए राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में सभापति ने राज्यसभा की द्विवार्षिक सदस्य परिवर्तन की परंपरा को लोकतंत्र की विशेष पहचान बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया निरंतरता और परिवर्तन दोनों का प्रतीक है, जहां अनुभवी सदस्यों का स्थान नए दृष्टिकोण वाले सदस्य लेते हैं, लेकिन सदन की मूल भावना सदैव कायम रहती है। उन्होंने सेवानिवृत्त सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके विचार, बहस और जनसेवा के प्रति समर्पण ने सदन की कार्यप्रणाली को समृद्ध किया है और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान ⏩ शेष पेज 5 पर

## दक्षिण दिल्ली के राजपुर खुर्द गांव इलाके का मामला

# अवैध रूप से स्टोर किये गये 223 एलपीजी सिलेंडर जब्त, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के राजपुर खुर्द गांव में अवैध एलपीजी सिलेंडर भंडारण का भंडाफोड़ किया गया है। 223 सिलेंडर जब्त करते हुये पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये लोगों के नाम हितेश राठी (38) और अरविंद कुमार (40) हैं। पूछताछ के दौरान दोनों सिलेंडर रखने के लिए कोई वैध लाइसेंस या संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने में विफल रहे।

डीसीपी अनिल मित्तल के अनुसार एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक कदम उठाते हुए दक्षिण जिला पुलिस ने राजपुर खुर्द गांव में संचालित एक अवैध एलपीजी सिलेंडर भंडारण इकाई का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। 17 मार्च को को एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसआई अमित ग्रेवाल के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम ने खसरा संख्या 28/2, जनरेटर वाली गली स्थित एक प्लॉट पर छापा मारा। तलाशी अभियान के दौरान परिसर से कुल 223 इंडेन के सिलेंडर बरामद किए। बरामद सिलेंडरों में 16 भरे हुए घरेलू सिलेंडर, 45 खाली घरेलू सिलेंडर और 162 खाली व्यावसायिक सिलेंडर शामिल थे। इसके अतिरिक्त मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और 8 सुरक्षा कैप भी जब्त किए गए। यह पाया गया कि परिसर बिना किसी वैध लाइसेंस या प्राधिकरण के एक अवैध भंडारण सुविधा के रूप में संचालित हो रहा था। सुरक्षा उपायों के बिना इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडरों का भंडारण सार्वजनिक सुरक्षा और आसपास के निवासियों के लिए भी एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। इस संबंध में मैदान गढ़ी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 287/288/61(2) और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के तहत एक मामला भी दर्ज किया गया है।

दक्षिण जिला पुलिस उन अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है जो सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालती हैं और आवश्यक वस्तु नियमों का उल्लंघन करती हैं।

## पालम की घटना बेहद दुखद : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम इलाके की एक इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के 9 लोगों की दुखद मौत पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दिल्ली के पालम में हुई यह घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राजधानी में लगातार सामने आ रही आग की घटनाएं चिंता का विषय हैं। संकरी गलियां, एक-दूसरे से सटी बहुमंजिला इमारतें और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था इस खतरे को और बढ़ा देती हैं।

इस दिशा में सरकार की तरफ से ठोस और तत्काल कदम उठाना बेहद आवश्यक है।

# स्टोर से सिगरेट चुराने के आरोप में युवक को बंधक बनाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पुलिस ने मैनेजर समेत चार स्टोर कर्मचारियों को गिरफ्तार किया

रोहिणी जिले के अमन विहार थाना क्षेत्र में स्थित एक 'चेन ऑफ स्टोर' में युवक पर सिगरेट चोरी करने का आरोप लगाकर मारपीट की गई। घटना के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर स्टोर के मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 17/18 मार्च की दरमियानी रात को अमन विहार थाने में एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें किराड़ी स्थित रमेश एन्क्लेव में मौजूद एक 'चेन ऑफ स्टोर' में हुई घटना की जानकारी दी गई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायल व्यक्ति लव कुश (22) को पहले ही एक पीसीआर वैन द्वारा मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल में पीड़ित की एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) प्राप्त की गई। युवक को मामूली चोटें आई थी। पूछताछ के दौरान पीड़ित ने बताया कि वह उक्त 'चेन ऑफ स्टोर' में एक डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता है। उसने आरोप लगाया कि उसके एक साथी द्वारा बिना स्कैनिंग/बिलिंग के सिगरेट का एक पैकेट उठाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उसने बताया कि जब उसने वह पैकेट वापस स्टोर में जमा किया, तो उसे अंदर बुलाया गया और कथित तौर पर स्टोर के कर्मचारियों, जिनमें मैनेजर भी शामिल था द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। युवक के बयान के आधार पर संबंधित धाराओं के अंतर्गत एक मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम भारत तिवारी निवासी किराड़ी सुलेमान नगर, कुलदीप उर्फ आदित्य निवासी रमेश एन्क्लेव, सूरज निवासी सुल्तानपुरी और रहमान निवासी रमेश एन्क्लेव, दिल्ली हैं। सभी उक्त स्टोर के कर्मचारी हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

## डीडीए की स्पेशल कर्मयोगी आवास योजना का विस्तार 26 मार्च से पंजीकरण, 936 फ्लैट किए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) की कर्मयोगी आवास योजना 2025 का विस्तार करते हुए 936 फ्लैट किए शामिल किए है। डीडीए के अनुसार इस योजना के लिए 26 मार्च 2026 श्री राम नवमी दोपहर 12 बजे से पंजीकरण शुरू होगा जो 31 मार्च 2026 तक खुली रहेगी। इस योजना के तहत रेडी टू मूव फ्लैट 936 फ्लैट शामिल है, जिन पर डीडीए 25 प्रतिशत की छूट देगा। डीडीए ने बताया कि योजना में पहले की तरह ही विशेष रूप से केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सरकारी बैंकों, स्थानीय निकायों और स्वायत्त निकायों के सेवारत या सेवानिवृत्त कर्मचारी आवेदन कर सकते है। सभी रेडी टू मूव फ्लैट पॉकेट-6, सेक्टर ए1- ए4 नरेला में है। डीडीए का कहना है कि इस योजना के तहत पहले चरण में करीब 75 प्रतिशत फ्लैट बुक हो चुके है। सभी पात्र आवेदक डीडीए के अधिकृत पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है। डीडीए के अनुसार यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर काम करती है। जबकि पहले चरण के लिए पंजीकरण 19 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुके थे। योजना के तहत 1 बीएचके फ्लैट की अनुमानित कीमत 34 लाख से 34.28 लाख रुपये है व बुकिंग राशि 50 हजार रुपए है। वहीं 2 बीएचके फ्लैट के लिए कीमत 79.81 लाख से 88.16 लाख रुपये व बुकिंग राशि 4 लाख रूपए रखी है। जबकि 3 बीएचके फ्लैट की कीमत 114.57 लाख से 127.11 लाख रुपये और बुकिंग राशि 10 लाख रुपए है।

# ईवी वाहनों के खरीदारों को सब्सिडी जारी करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली ईवी नीति के तहत 3948 सत्यापित कंपनियों/फर्मों के लाभार्थियों को 7.95 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जाएगी

दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली ईवी पॉलिसी' के तहत लंबे समय से लंबित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीद सब्सिडी के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि पिछली सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और प्रदूषण कम करने को प्राथमिकता देने में नाकाम रही, जिसके कारण ईवी खरीदारों को मिलने वाली सब्सिडी का वितरण नहीं हो पाया जो यह बताता है कि सरकार प्रदूषण के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और लंबित सब्सिडी को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।परिवहन विभाग ने कंपनियों और फर्मों के 3 हजार 948 सत्यापित लाभार्थियों को सब्सिडी जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनके दस्तावेजों और पात्रता का सत्यापन पूरा हो चुका है। उन लाभार्थियों को लगभग 7.95 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की जाएगी। दिल्ली ईवी इंसेंटिव पोर्टल पर उपलब्ध डेटा के अनुसार कुल 22 हजार 733 ईवी सब्सिडी के दावे लंबित थे। लाभार्थियों के रिकॉर्ड की डुप्लीकेशन हटाने और आधार सत्यापन प्रक्रिया के बाद 16 हजार 892 व्यक्तिगत खरीदारों के मामलों को आधार-आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम प्लेटफॉर्म पर भेजा गया।इनमें से 12 हजार 877 व्यक्तिगत लाभार्थियों की आधार सीडिंग पूरी हो चुकी है, जिससे वे 24.04 करोड़ रुपए की सब्सिडी राशि पाने के पात्र हो गए हैं। शेष 4 हजार 15 मामलों (लगभग 7.25 करोड़ रुपए) को आधार सत्यापन के लिए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम पर फिर से अपलोड कर दिया गया है और वर्तमान में उनका आधार सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

## चाकूबाजी की घटना में शामिल तीन नाबालिग धरे

नई दिल्ली। अशोक विहार थाना अंतर्गत वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया चौकी पुलिस ने चाकूबाजी मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा है। एक नाबालिग हाल ही में सनसनीखेज हत्या मामले में रिहा हुआ था। इनसे वारदात में प्रयुक्त हथियार अर्थात चाकू बरामद किया गया। पूर्व विवाद के बाद नाबालिगों ने पीड़ित पर चाकू से हमला किया था। डीसीपी आकांक्षा के अनुसार 12 मार्च को एक रक्तपात की घटना के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर पीड़ित अल्ताफ (16) को गहरे चाकू के घाव के साथ गंभीर अवस्था में पाया गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। कोई प्रत्यक्षदर्शी मौके पर मौजूद नहीं था और ना ही घायल बयान देने की स्थिति में था। मामले की जांच के लिये एक टीम गठित की गई। बाद में जब पीड़ित होश में आया तो उसने एक हमलावर का नाम उजागर किया। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने छापेमारी की और तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि वे पीड़ित को पहले से जानते थे और किसी मामूली बात को लेकर उनका विवाद हुआ था, जो बाद में दुश्मनी में बदल गया। इस रंजिश के चलते उन्होंने पीड़ित को सबक सिखाने की साजिश रची थी।

## मानव तस्करी में शामिल दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट जिले के फॉरनर सेल ने मानव तस्करी में शामिल दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के नाम रोबियुल (45) और अर्जिना खातून (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से आईएमओ एप इंस्टॉल किये गये दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। इनके जरिये आरोपी बांग्लादेश में अपने जानकारों से बातचीत करते थे। डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार आरोपियों को इंस्पेक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने पकड़ा। सूचना मिली थी कि मानव तस्करी में शामिल दो बांग्लादेशी नागरिक जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास आने वाले है। मौके पर जाल बिछाकर दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पता चला कि रोबियुल 2025 में भारत से पहले भी निकाला गया था, लेकिन उसने अवैध रूप से देश में दोबारा प्रवेश किया और अपनी गैरकानूनी गतिविधियां शुरू कर दी थीं।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला-सारण), बिहार-841221

**ई–निविदा सूचना सं. 11/RWP/Engg./2025-26/WT/(Open) दिनांक 17.03.2026**

उप मुख्य इंजीनियर/रेपका/बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन **"खुली ई–निविदा सूचना"** भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं :– **(1) कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अग्रधन जमा राशि एवं कार्य को पूरा करने का समय : निविदा सं.–** 18_रेपका-इंजी_25_26_डब्लू०टी०_खुली, **कार्य का नाम :–** रेल पहिया कारखाना, बेला में वृक्षारोपण और अन्य बागवानी कार्यों का विकास। **कार्य की अनुमानित लागतः–** रु. 6,58,48,089/–, **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशिः** रु. 13,17,000/–, **कार्य पूर्णता की अवधि :** 24 महीने **(2) निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 07.04.2026 को 14:30 बजे तक। **(3) वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहाँ से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उपरोक्त निविदा तय तिथि एवं समय तक ही जमा की जा सकेंगी। निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। निविदा प्रस्तुत करने वाली भावी कम्पनी/एजेंसी को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धि–पत्र सहित अदायतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (www.ireps.gov.in) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

**उप मुख्य इंजीनियर, रेल पहिया कारखाना, बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2025–26/124

# मंदिरों के आसपास सफाई रात्रि में ही की जाए सुनिश्चित : सत्या शर्मा



■ चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान, व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश

### अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए

सत्या शर्मा ने बताया कि विशेष रूप से उन प्रमुख मंदिरों जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, वहां अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। इन स्थानों पर मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था, अतिरिक्त डस्टबिन की स्थापना तथा पूजा सामग्री के समुचित निस्तारण के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

### स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता

सत्या शर्मा ने कहा कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में मंदिरों के आसपास स्थित ढलाव घरों की सफाई रात्रि में ही सुनिश्चित की जाए, ताकि दिन के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सभी जोन उपायुक्तों को यह निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसरों के आसपास विशेष रूप से रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सभी नागरिकों को चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें और पूजा सामग्री को निर्धारित स्थानों पर ही डालें। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी प्रमुख मंदिरों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसरों, आसपास की सड़कों, गलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर नियमित साफ-सफाई, कचरा उठाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

# यमुना में प्रदूषण कम करने के प्रयासों को और तेज किया जाए : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।



■ जल मंत्री ने झाग के समाधान के लिए कालिंदी कुंज और आसपास के यमुना घाट क्षेत्रों का किया निरीक्षण

यमुना में आ रही झाग की स्थिति को समझने के लिए दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कालिंदी कुंज और आसपास के यमुना घाट क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यमुना में प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयासों को और तेज किया जाए। प्रदूषण कम करने के मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण में आईआईटी दिल्ली के पर्यावरण विशेषज्ञों, जिला प्रशासन, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) तथा दिल्ली और उत्तर प्रदेश के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उद्देश्य स्पष्ट था,तकनीकी समझ के आधार पर समन्वित और व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करना। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि झाग बनने की यह स्थिति एक सीमित क्षेत्र तक ही सीमित है और इसका मुख्य कारण ओखला बैराज की संरचना एवं जल प्रवाह की स्थिति है। बैराज पर ढलान होने के कारण पानी तेज़ी से गिरता है, जिससे उत्पन्न हलचल पानी में मौजूद अशुद्धियों को झाग के रूप में सतह पर ले आती है। निरीक्षण के दौरान प्रवेश साहिब सिंह ने कहा यह झाग एक विशेष स्थान पर बनने वाली स्थिति है, जो बैराज की तकनीकी परिस्थितियों से जुड़ी है। साथ ही, यमुना में प्रदूषण कम करने के लिए हमारे प्रयास लगातार जारी हैं और आगे भी इसी दिशा में काम तेज किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बैराज पर बनने वाली हलचल के साथ-साथ घरेलू डिटर्जेंट से आने वाले सर्फेक्टेंट्स भी झाग बनने में योगदान देते हैं। इसके अलावा, अवैध डाईंग यूनिट्स, लॉन्ड्री क्लस्टर्स और धोबी घाटों से निकलने वाला अपशिष्ट, तथा कुछ नालों के माध्यम से आने वाला आंशिक रूप से शुद्ध या अशोधित पानी भी इस प्रभाव को बढ़ाता है। जल प्रवाह कम होने की स्थिति में यह प्रभाव और अधिक दिखाई देता है।

**दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि., सोनीपत।**

**सूचना**

दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि., सोनीपत में निदेशक मण्डल का चुनाव होना है। अतः समस्त अंशधारी ग्राम पंचायते व सहकारी समितियां (सोसाईटीज़) जो इस शुगर मिल के सदस्य है को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आप आगामी चुनाव में प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने प्रतिनिधि का नाम शुगर मिल, सोनीपत में दिनांक 17.04.2026 को सांयः 05.00 बजे तक भेजें ताकि उसका नाम मतदाता सूचि में शामिल किया जा सकें। **(सहकारी समितियां जोन महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है।)** उसके बाद कोई भी प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

हस्ता/-प्रबन्ध निदेशक,
दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि.,
सोनीपत।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव खत्री उर्फ सोनू, पुत्र इंदर पाल निवासी मकान नंबर 4 और 5, गली नंबर 5, झारोदा, बुराड़ी, दिल्ली,** दूसरा पता **टी-31, बुद्ध विहार, फेस-I, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 79/2013 दिनांक 03.07.2013 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 IPC के तहत, थाना कश्मीरी गेट मेट्रो, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव खत्री उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव खत्री उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 79/2013 दिनांक 03.07.2013 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 IPC के तहत, थाना कश्मीरी गेट मेट्रो, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव खत्री उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.06.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री राशि रहेजा**
**एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-13, (केन्द्रीय), कमरा नं.33**
**DP/3368/Metro/2026** **भूतल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

# बिना अनुमति चल रहे 93 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ हैदरपुर रीडेवलपमेंट एरिया में निरीक्षण के बाद दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने जारी किए नोटिस : सिरसा

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने हैदरपुर रीडेवलपमेंट एरिया में 93 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के नोटिस जारी किए हैं। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई निरीक्षण और जांच के दौरान इन इकाइयों के बिना जरूरी अनुमति के संचालन का पता चलने के बाद की गई। यह कदम सरकार की प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।मंत्री सिरसा ने कहा कि प्रवर्तन अभियान को और तेज किया गया है, जिसमें डीपीसीसी की टीमें सक्रिय रूप से गैर-अनुपालन और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की पहचान कर रही हैं। जो यूनिट्स वायु प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करते हैं या बिना अनुमति के चलते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें सील भी किया जा सकता है। दिल्ली सरकार शहर की हवा को सुरक्षित रखने के लिए 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। डीपीसीसी की टीमें लगातार निगरानी और सर्वे कर रही हैं, खासकर उन उद्योगों पर ध्यान दिया जा रहा है जो उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं कर रहे या बिना अनुमति चल रहे हैं। यह व्यवस्थित प्रयास यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी अवैध यूनिट प्रदूषण बढ़ाने में योगदान न दे। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें लगातार अवैध और बिना अनुमति चल रहे औद्योगिक यूनिट्स की पहचान कर रही हैं। ऐसे सभी मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सिरसा ने नागरिकों से भी अपील की जाती है कि वे ऐसे मामलों की जानकारी तुरंत दें, क्योंकि जन सहयोग से कार्रवाई और प्रभावी बनती है। दिल्ली सरकार साफ हवा और बेहतर पर्यावरण के लिए अपनी बहुआयामी रणनीति पर लगातार काम कर रही है।

## मुख्यमंत्री यमुना निरीक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए नेताओं की ऐश पर कर रही खर्च : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर आरोप लगाए है कि सरकार यमुना के निरीक्षण के नाम पर करोड़ों रूपए नेताओं की ऐश पर खर्च कर रही है। उन्होने आरोप लगाए कि दिल्ली के लोगों की खून पसीने की कमाई से 6.2 करोड़ रुपये में अपने नेताओं की ऐश के लिए दो लक्जरी बोट खरीदकर पैसे की बर्बादी कर रही है। जबकि दूसरी तरफ दिल्ली के गरीबों को खाना बनाने के लिए गैस के सिलेंडर तक नहीं मिल रहे। यादव ने कहा कि यमुना की सफाई तो हुई नहीं और यमुना की निगरानी के लिए 6.2 करोड़ रुपये से दो लक्जरी बोट खरीदने का मतलब क्या है। जबकि पहले से ही दिल्ली के सिंचाई विभाग के पास नौकाएं मौजूद है। पिछली केजरीवाल सरकार 10 वर्षों में दिल्ली वालों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हुई। अब भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार यमुना को स्वच्छ बनाने की प्राथमिकता को नजरअंदाज कर रही है। उनका पूरा ध्यान यमुना के वीआईपी निरीक्षण के लिए एसी बोट्स खरीदने और सोनिया विहार और जगतपुर के बीच क्रूज सेवा के लिए 40 सीटों वाला जहाज खरीदने पर लगा है। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने पिछले बजट में यमुना सफाई के लिए 500 करोड़ और वर्ष 2026-27 के लिए भी 500 करोड़ रुपये यमुना सफाई के लिए आवंटित करने के बावजूद यमुना एक गंदा नाला बना हुआ है। यमुना सफाई व अन्य मदों में भाजपा सरकार द्वारा 48 प्रतिशत बजट इस्तेमाल न कर पाना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्रीमंडल के मंत्रियों सहित प्रशासनिक सुस्त कार्यशैली का प्रमाण है। यादव ने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार मैली व प्रदूषित यमुना में 20 फरवरी 2026 से क्रूज चलाने में भी नाकाम साबित हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार नालों का सीवर का पानी सीधा यमुना में गिरने वाले से रोकने की बजाय प्रदूषित यमुना में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्रूज चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यमुना की गहराई समुद्र की गहराई से कम है। जबकि यमुना निरीक्षण के लिए वीआईपी के लिए चलाई जाने वाली बोट्स का पूर्ण भार 12 टन का विस्थापन होगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इस्माइल पुत्र श्री कंबिरे निवासी WZ-F-15D,** गली नंबर 06 संत गढ़, तिलक नगर, नई दिल्ली ने **FIR No. 691/2021 U/S 14, 14C, अन्तर्गत थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इस्माइल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इस्माइल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 691/2021 U/S 14, 14C, अन्तर्गत थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इस्माइल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री विकास मदान**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)**
**कमरा नंबर 289**
**DP/3469/WD/2026(Court Matter)** तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

### छात्रों, कामकाजी महिलाओं और खिलाड़ियों ने सीएम के समक्ष रखे सुझाव

# 'जनभागीदारी से बनेगा दिल्ली का बजट 2026'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली सरकार के आगामी बजट 2026 को लोगों के लिए बेहतर और काम का बनाने के लिए इसमें लोगों के सुझावों को शामिल किया जाएगा। यह बात बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित 'संवाद कार्यक्रम' में कही। इस कार्यक्रम में कामकाजी महिलाएं, शिक्षक, खिलाड़ी और छात्र शामिल हुए। सभी ने अपने अनुभव, सुझाव और उम्मीदें मुख्यमंत्री के साथ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं, उनके सुझावों को स्वयं नोट किया और आश्वासन दिया कि इन सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की भागीदारी ही 'विकसित दिल्ली' की सबसे बड़ी ताकत है और सरकार चाहती है कि बजट हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और भविष्य के बेहतर अवसरों के लिए कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने मांग की कि मिड-डे मील योजना को कक्षा 12 तक बढ़ाया जाए, ताकि छात्रों को लगातार पोषण मिलता रहे। साथ ही छात्रों ने स्कूलों में नियमित खेल प्रशिक्षण शुरू करने, पढ़ाई और खेल से जुड़ी सुविधाएं बेहतर बनाने और इंडस्ट्री एक्सपोजर बढ़ाने की बात कही ताकि उन्हें असली कामकाजी दुनिया की समझ मिल सके।

### रेखा गुप्ता ने उद्योगपतियों से लिया फीडबैक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2026 के बजट को उद्योगों के लिए बेहतर, निवेश बढ़ाने वाला और रोजगार सृजन करने वाला बनाने के उद्देश्य से बुधवार को दिल्ली सचिवालय में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों ने हिस्सा लिया और अपनी मांगें, सुझाव और अपेक्षाएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा बजट लाना है, जो उद्योगों को आगे बढ़ाए, निवेश आकर्षित करे और बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि उद्योग जगत से मिले सुझावों को आगामी बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे। उद्योगपतियों ने कहा कि औद्योगिक विकास को तेज करने के लिए कई नीतियों और ढांचे में बदलाव जरूरी हैं।




### राजधानी में हुई बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को दूसरी बार प्री मानसून बारिश ने दस्तक दी। दोपहर बाद राजधानी के आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया और सूरज गायब होने से हुए अंधेरे ने रात का अहसास कराया। शाम पांच बजे के बाद तेज हवाएं चलने लगी और बाद में दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों में बिजली की चमक व गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बुधवार से अगले तीन दिन बारिश की सूचना जारी कर दी थी।
आईएमडी के अनुसार दिल्ली में अब प्री मानसून की बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार से अगले तीन दिनों तक राजधानी एनसीआर में प्री मानसून की बारिश व तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार बुधवार के बाद गुरुवार व शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे।
सुबह के समय हल्की बारिश के साथ गरज और बिजली कड़कने की संभावना है। साथ ही 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है जो 50 किमी की गति तक पहुंच सकती है। जबकि दोपहर के समय पुन हल्की ब बारिश, गरज और बिजली कड़कने की संभावना है।

## निजीकरण के खिलाफ सफाई कर्मियों ने एमसीडी मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्वच्छता विभाग में निजीकरण के खिलाफ सफाई कर्मियों ने निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर अर्धनग्न अवस्था में जोरदार प्रदर्शन किया। निगम की विभिन्न सफाई कर्मचारी यूनियनों से सामूहिक रूप से यह विरोध जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने न सिर्फ जमकर नारेबाजी की, बल्कि प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया।

एमसीडी स्वच्छता कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने ऐलान किया निगम प्रशासन अगर निगम के माध्यम से भर्ती नहीं करता तो जल्द ही दिल्ली में कामबंद हड़ताल की जाएगी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था के निजीकरण से उनकी नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। उनका कहना है कि अगर यह फैसला लागू होता है, तो हजारों कर्मियों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। मौके पर भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। एमसीडी स्वच्छता कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने ऐलान किया निगम प्रशासन अगर निगम के माध्यम से भर्ती नहीं करता तो जल्द ही दिल्ली में कामबंद हड़ताल की जायेगी।

प्रदर्शन में यूनियन नेता विजय ऊटवाल, दलीप पर्चा, राजेश वेनिवाल, करणसिंह मेहरोलिया, दीपक पिहाल, अजीत बहोत, नवीन वैद, बीरसिंह बैनीवाल, विजय मेहरोलिया, छतर सिंह, विनोद, सुरेंद्र, तरुण चिंडलिया आदि मौजूद रहे।

### पार्कों में ग्रीन वेस्ट का सुनिश्चित किया जाए नियमित निस्तारण : प्रवेश वाही

**नई दिल्ली।** सभी वार्डों के पार्कों में हरित अपशिष्ट (ग्रीन वेस्ट) का नियमित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे स्वच्छ और हरे-भरे बने रहें। दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने बुधवार को रोहिणी जोन में एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देने के बाद यह बात कही। उन्होंने नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने एवं स्वच्छता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। वहीं, इस अवसर पर जोन उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम स्वच्छता को सुदृढ़ करने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य रोहिणी जोन को एक आदर्श स्वच्छ क्षेत्र के रूप में विकसित करना है और हम निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं।इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, रोहिणी जोन उपायुक्त ऋषिता गुप्ता, डेम्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी वार्डों के सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

### युवाओं की भूमिका शहर के भविष्य के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण : महापौर

नई दिल्ली। युवाओं की भूमिका शहर के भविष्य के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से महापौर कार्यालय में उनसे भेंट करने पहुंचे दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु कॉलेज के छात्रों के एक समूह से यह बात कही। महापौर ने कहा कि छात्र निगम प्रशासन एवं जनसमस्याओं के समाधान की कार्यप्रणाली को समझने के उद्देश्य से महापौर कार्यालय में उनसे भेंट करने आए थे। इस दौरान महापौर सिंह ने छात्र समूह को नागरिक मुद्दों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महापौर ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा शहरी प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने में उनकी रुचि की सराहना की। महापौर ने छात्रों को यह भी जानकारी दी गई कि नागरिकों के लिए शिकायत दर्ज कराने एवं उनके त्वरित समाधान हेतु विभिन्न प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जिनमें डिजिटल पोर्टल एवं हेल्पलाइन सेवाएं शामिल हैं।

### एलजी संधू से मिले डीएमआरसी के एमडी, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी व अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा



नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के एमडी डॉक्टर विकास कुमार ने मुलाकात की। बुधवार को हुई इस शिष्टाचार भेंट के बाद दिल्ली मेट्रो रेल के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार एलजी ने दिल्ली मेट्रो सेवाओं को और सुरक्षित, सुलभ व सुविधाजन बनाने पर चर्चा की। इस दौरान एलजी ने दिल्ली मेट्रो स्टेशनों के लिए रात के समय बेहतर लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया। एलजी ने सभी लाइनों के मेट्रो स्टेशनों के नजदीक की आवासीय कॉलोनियों और व्यापारिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों तक रात को लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और मजबूत करने पर जोर दिया। एलजी ने कहा कि लास्ट-माइल कनेक्टिविटी में सुधार से लाखों यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक आने-जाने में अधिक सुविधा मिलने से जहां लोगों को सुविधा होगी वहीं, पर्यावरण सुधार में भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो नेटवर्क बढ़ाने के साथ-साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने से लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में अधिक रुचि दिखाएगें। सकें। एमडी विकास ने एलजी को भरोसा दिया है कि डीएमआरसी हर संभव लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सहित अन्य सुविधाओं को लेकर दिए गए सुझावों पर कार्य करेगी।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ BCA Hons. with Research (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, MPA#, BPA#
B.V.A. Painting#

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269
Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2026

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1,98,000 रुपए की साइबर ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी आदित्य व रिषभ निवासी बुराडी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बड़खल निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके फोन से अचानक तीन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 198000 रुपए कट गए।



### जीडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के आज प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में मदन कुमार राय, यूनिकॉन वेल्ड ऑटोमेशन प्रा.लि. द्वारा 202/1 के सामने अबूपुर इन्डस्ट्रियल एरिया, मोदीनगर, गाजियाबाद पर लगभग 500 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में निर्मित फैक्ट्री के प्रथम तल पर टीन शेड डालने का कार्य किया जा रहा था।। जिसका प्राधिकरण से स्वीकृति सम्बन्धी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके संबंध में सील की कार्यवाही की गई।



### आचार्य प्रमोद कृष्णम गिरकर हुए घायल

**गाजियाबाद।** बुधवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम को अपने आवास पर पैर फिसलने से गिर गए।।जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। उन्हें तत्काल मेडिसिटी यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनके माथे पर हुए दो इंच से अधिक बड़े जख्म की सर्जरी की। सर्जरी के बाद उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। आचार्य कृष्णम को आज शाम एक निजी कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल होना था। हालांकि, इस हादसे के कारण वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाएंगे।



## सफाई विंग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी, मिशन मोड में हो सफाई का कामः आयुक्त प्रदीप सिंह

**सफाई के प्रति जागरूकता रैली निकाली, अवैध रूप से कूड़ा डालने पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर के नगर निगम आयुक्त प्रदीप सिंह ने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई का काम मिशन मोड़ पर शुरू हो। निगम क्षेत्र के वार्डों में जितने भी गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट(जीवीपी) है, उन्हें खत्म करके वहां दोबारा कूड़ा नहीं डाला जाना चाहिए। इन प्वाइंट्स पर कूड़ा न डाला जाए, इसके लिए वहां पर कर्मचारियों की ड् यूटी लगाई जाए। आयुक्त प्रदीप सिंह ने बुधवार को अधिकारियों के साथ निगम क्षेत्र में सफाई के कामों की समीक्षा बैठक ली। आयुक्त ने आदेश दिए कि सफाई निरीक्षक सहायक सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजर के कामों की समीक्षा करें और लिखित रिपोर्ट बनाकर दें। निगम के पास सफाई के काम के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, वार्ड की जरूरत अनुसार उनका उपयोग किया जा सकता है। निगम क्षेत्र में लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली, मुनादी आदि करवाएं, ताकि लोग खुले में कूड़ा न डालें। इसके अलावा जीवीपी प्वाइंट्स को साफ करने के बाद वहां सीसीटीवी से निगरानी रखी जाए ताकि दोबारा वहां पर कूड़ा न डाला जाए। आईएमटी क्षेत्र से निकलने वाले अवैध कूड़े पर नजर रखने के लिए टीमें बनाएं।



### सफाई निरीक्षक अपने वार्ड में सफाई के लिए जिम्मेदार होंगे

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एचएसआईआईडीसी के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की जाए। खुले में कूड़ा डालने वाले, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान किया जाए। प्रत्येक सफाई निरीक्षक अपने वार्ड में सफाई के लिए जिम्मेदार होंगे। बैठक में संयुक्त आयुक्त हितेंद्र कुमार, एक्सईएन निजेश कुमार, मंदीप धनखड़, सुशील ठाकरान, एसडीओ अनिल मलिक, विपिन बूरा, एसओ एमएस सोढ़ी, सीएसआई विजय कौशिक, एसआई सुमित हुड्डा, सुमित कुमार, मनोज कुमार, स्वच्छ भारत मिशन विशेषज्ञ जेनिथ चौधरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**निरमयम क्लब की संगीतमय योग प्रस्तुति में दिखी अदभुत संतुलन की मनमोहक बानगी**

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की सांस्कृतिक संध्या में हरियाणवी नृत्य और कवि सम्मेलन ने खूब बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डिजिटल युग में मीडिया, समाज और सार्वजनिक विमर्श विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय योग प्रस्तुति, हरियाणवी लोकनृत्य और कवि सम्मेलन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विवेकानंद सभागार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ मीडिया विद्यार्थी



एकलव्य मलिक द्वारा गणेश वंदना की भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो.राजीव कुमार और कुल सचिव प्रो.अजय रंगा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभागाध्यक्ष प्रो.पवन सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में पहुंचे कवि विनीत त्रिपाठी, युवा कवि राजपाल और युवा कवि अभिप्राय त्रिपाठी नीरव को स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री गणेश वंदना के उपरांत निरमयम क्लब द्वारा अदभुत संतुलन की मनमोहक बानगी से भरपूर संगीतमय योग प्रस्तुति देख सभी आश्चर्यचकित हुए। उसके बाद नटराजन क्लब द्वारा मत छेड़ बलम मेरे चूंद नै.. गीत पर की हरियाणवी लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। इसके उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों के काव्य पाठ में वीर, प्रेम, हास्य व्यंग्य रस से भरपूर चुटकलों ने वातावरण को तनाव मुक्त बना दिया।

कवि विनीत पांडे ने आम जनमानस की दिनचर्या के घटनाक्रम को हास्य.व्यंग्य के रूप में प्रस्तुत करते हुए खूब हंसाया। उन्होंने पति-पत्नी पर सुनाया... वो खुद को अमेरिका मुझे ईरान समझती है, युवाओं की स्थिति को बयां करते हुए कहा कि वोटर भी जो अभी ना बने है वो प्रेम के आस में हैं रोगी। युवा कवि अभिप्राय त्रिपाठी नीरव ने जेन के लिए सुनाया, हिम्मत न हारिये हिम्मत न हारिये मेहनत संवारिये बेचैनियां बहुत हैं बेचैनियां बहुत हैं, मन को बुहारिये युवा कवि राजपाल ने वीर रस की कविता भारत मां का हित हो जिसमें मान जरूरी होता है।

माटी की खातिर दिल में सम्मान जरूरी होता है। आए संकट कोई मातृभूमि पर बात ध्यान में रख लेना, किंतु परंतु से बलिदान जरूरी होता है। उसके बाद उन्होंने प्रेम रस से सराबोर अपनी शेरो.शायरी जो मिला उसे संभालो, कद्र करो उसकी ये टूट कर चाहने वाला दोबारा नहीं मिलता से उपस्थित श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।


**मधुबन बापूधाम योजना**

## 20 वर्षों से लंबित कृषकों को दिए जाने वाले भूखण्डों का मामला निस्तारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए ने मधुबन बापूधाम योजना के 20 वर्षों से लंबित कृषकों को दिए जाने वाले भूखण्डों का मामला निस्तारित कर दिया है।

जो एक बड़ी उपलब्धि है और प्राधिकरण की प्राथमिकताओं में शामिल जनहितकारी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अब योजना में किसानों को आवंटित भूखण्डों के आंतरिक विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आगामी 2 माह के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके उपरांत विकास कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे।



इन विकास कार्यों के अंतर्गत सड़कों का निर्माण, जलापूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आवंटित भूखण्डों का उपयोग सुगम एवं व्यवस्थित रूप से किया जा सके। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र के समग्र विकास तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने फूड सप्लाई विभाग ने चलाया गया चैकिंग अभियान

**शिकायत के लिए विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 18001802087 पर करें संपर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक फरीदाबाद विभाग की गठित टीमों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला फरीदाबाद के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए

> ■ कालाबाजारी रोकने के लिए फरीदाबाद में छापेमारी



जाने पर दिनांक 16 मार्च 2026 को आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कुल 8 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें ओल्ड फरीदाबाद थाना में 2, भूपानी थाना में 1, सेक्टर-31 थाना में 1, पल्ला थाना में 1 एवं बीपीटीपी थाना में 1 एफआईआर दर्ज करवाई गई, जिसमें कुल 18 सिलेंडर पकड़े गए एवं 02 घरेलू गैस सिलेंडर ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-42 फरीदाबाद में एक दुकान पर व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त दिनांक 17 मार्च 2026 को नंगला एन्क्लेव पार्ट-1, फरीदाबाद में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने पर थाना सारन में आवश्यक वस्तु अधिनियम.1955 के तहत एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। जिसमें 7 घरेलू सिलेंडर एवं 1 व्यावसायिक गैस सिलेंडर कुल 8 सिलेंडर पकड़े गए। आगे भी इस बारे में चैकिंग अभियान जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त अवगत कराया जाता है कि किसी भी उपभोक्ता को एलपीजी बारे कोई भी शिकायत हो तो विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800.180.2087 पर संपर्क कर सकता है।

**लोगों ने दी बधाई**

## नगर निगम में पंजाबी समाज की सम्मान देने पर रालोद नेता ने भाजपा नेतृत्व का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने नगर निगम व नगर निकाय में पंजाबी समाज को प्रतिनिधित्व देने पर भाजपा नेतृत्व को बधाई दी है।

एक बयान में टीटू ने कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम में उम्र के आखिरी पड़ाव में सरदार पम्मी व युवा नेता अंकुश अरोड़ा को नामित पार्षद नियुक्त करके भाजपा के महानगर संगठन में गौरव चोपड़ा को महामंत्री बबनाकर पंजाबी समाज का मान रखा है। इसी तरह मोदीनगर से ललित सैन को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा है कि मैंने धार्मिक और सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन व्यतीत करते हुए हमेशा अन्य दूसरे समाज से सीख ली अन्य समाज अपने समाज के लिए किस तरीके से लड़ाई लड़ते हैं अपने हक की अपने समाज की पैरोकारी करते हैं मेरा हमेशा से एक ही टारगेट होता है ।

## बार काउंसिल चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः डीसी

**अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रबंधन पर जताया संतोष, डीसी ने लिया फीडबैक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को आयोजित बार काउंसिल चुनाव के दौरान लघु सचिवालय में बनाए गए मतदान केंद्रों का दौरा कर चुनाव प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ चुनाव नोडल अधिकारी एवं बडख़ल एसडीएम त्रिलोक चंद मौजूद रहे। निरिक्षण के दौरान डीसी आयुष सिन्हा ने ड्यूटी पर तैनात सुपरवाइजरों से चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डीसी आयुष सिन्हा ने सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। डीसी आयुष सिन्हा ने प्रत्येक बूथ पर जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा



व्यवस्था, मतदाताओं के लिए बनाए गए इंतजाम तथा चुनाव कर्मियों की तैनाती की समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी अधिवक्ताओं को बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिले। डीसी आयुष सिन्हा ने मतदान करने पहुंचे अधिवक्ताओं से संवाद स्थापित कर चुनाव व्यवस्थाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया ली और साथ ही यह भी पूछा कि उन्हें मतदान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही। अधिवक्ताओं ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों पर संतोष जताया और शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान समाप्ति तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से जारी रखी जाएं तथा किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद पाई गई और सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात रहा।

जिला प्रशासन की निगरानी में बार काउंसिल चुनाव शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रहा है।

**आरोपी पर 5 हजार रुपए का इमाम घोषित किया**

## मेट्रीमोनियल साइट पर दोस्ती कर रेप करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मेट्रीमोनियल साइट पर युवती से दोस्ती कर कई महीनों तक रेप करने वाले एक आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश से काबू कर लिया है। आरोपी पर एक अन्य भी मामला दर्ज है जिसमें गिरफ्तारी को लेकर आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल बरामद किया है।

आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी अनुसार, 5 दिसंबर 2025 को खेड़कीदौला थाना पुलिस को एक युवती ने एक शिकायत में बताया गया कि उसने विवाह हेतु मैट्रिमोनियल साइट पर अपना प्रोफाइल बनाया था। जहां इसका संपर्क नदीम खान से हुआ जिसने शादी का झांसा देकर इसे मिलने के बहाने अपने फ्लैट सेक्टर-86, गुरुग्राम बुलाया और शादी का झूठा भरोसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। नदीम ने शादी से इनकार कर दिया, खेड़कीदौला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को यूपी के फर्रूखाबाद से काबू कर लिया। पहचान नदीम उर्फ नदीम खान (28) निवासी जिला फर्रुखाबाद के रूप में हुई है। ब्रोकर का काम करता था आरोपी आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी नदीम गुरुग्राम में फ्लैट/कमरे किराए पर दिलाने (ब्रोकर) का काम करता है।

### झपटमार गिरफ्तार, क्राईम ब्रांच बॉर्डर की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** थाना सराय ख्वाजा के अंतर्गत एनएचपीसी चौक से सुभाष नगर के बीच के रास्ते में झपटमारी करने के एक मामले में क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अनुद निवासी भाटी कलां साउथ दिल्ली व पवन निवासी एनआईटी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सुनील निवासी सुभाष नगर ने थाना सराय ख्वाजा में दी अपनी शिकायत में बताया कि 16-17 मार्च की रात को वह एनएचपीसी चौक से सुभाष नगर की तरफ जा रहा था। रास्ते में दो मोटरसाइकिल सवार लडके आये और उसके हाथ से फोन छीनकर फरार हो गए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकिल पुत्र अख्तर निवासी गली नं. 4/5, पुराना मुस्तफाबाद, सीलमपुर, उत्तर पूर्व, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 464/2023, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकिल** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकिल** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 464/2023, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**राहुल सैनी**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नं. जी–6, न्यू कोर्ट बिल्डिंग
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/3356/NE/2026**
**(Court Matter)**

**प्रदेश सचिव ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक**

## मन की बात कार्यक्रम, भारत को जोड़ने और प्रेरणा देने वाला जन आंदोलन हैः गार्गी कक्कड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यालय अटल कमल में जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। गार्गी कक्कड़ ने संगठन विस्तार, कार्य पद्धति एवं बूथ स्तर पर कार्यों की महत्वता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ ही पार्टी की सफलता का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे



अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

गार्गी कक्कड़ ने अपने संबोधन में मन की बात कार्यक्रम की विशेष महत्वता बताते हुए कहा कि यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत दर्शन का माध्यम है। मन की बात के जरिए देश के कोने-कोने में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों, अनसुने नायकों और समाज के लिए समर्पित लोगों को सामने लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी देश के उन व्यक्तियों को पहचान दिला रहे हैं, जो बिना किसी पहचान के राष्ट्रहित में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को प्रेरित करता है ।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

संदर्भः– i) निविदा सूचना संख्या 93/2025–2026 दिनांक : 11.03.2026 क्रमांक 04
ii) निविदा संख्या 07265018 13.04.2026 को देय है।
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07265018 में अनावश्यक दस्तावेज हटा दिए गए हैं, केवल प्रासंगिक दस्तावेज ही उपलब्ध हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

900/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में स्वच्छ भारत मिशन के लिए दीवारों को डेकोरेट करने के लिए एम.सी. सीमा में दीवारों, भवनों और अन्य स्थानों पर 3डी मुराल आर्ट वर्क की पेंटिंग + 1 कार्य। | 17.03.2026 24.03.2026 | रु. 70,41,495/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद डबवाली | वरूण प्लाईवुड डब्ल्यू-3 (स्मार्ट रोड) के निकट श्री बालाजी टीवी सेंटर गांधी चौक पर सीसी गली का निर्माण और अन्य कार्य + 3 कार्य (डबवाली) | 17.03.2026 13.04.2026 | रु. 7,06,40,405/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/43977/1/88/7 दि. 18.03.26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी (1) मुकुल राजोरा, पुत्रः** राजेश कुमार, **(2) राजेश कुमार, पुत्रः** स्वर्गीय चौधरी प्रह्लाद, **पताः** मकान नं. बी–323, विजय मार्ग, उत्तरी घोंडा, उत्तर पूर्वी जिला, **दिल्ली FIR No. 21/2026, Dt. 19.01.2026, U/s: 22/25 NDPS ACT, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मुकुल राजोरा (2) राजेश कुमार** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मुकुल राजोरा (2) राजेश कुमार** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) मुकुल राजोरा (2) राजेश कुमार FIR No. 21/2026, Dt. 19.01.2026, U/s: 22/25 NDPS ACT, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
पुनीत पाहवा
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/उत्तर पूर्व
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3500/NE/2026**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### झारखंड के चतरा में जवान ने किया सुसाइड

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां ड्यूटी पर तैनात



सशस्त्र सीमा बल (SSB) के एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी पिकेट की है.। मृतक का नाम प्रह्लाद सिंह है। जानकारी के अनुसार, 35वीं बटालियन में तैनात जवान प्रह्लाद सिंह मंगलवार रात करीब 10 बजे ड्यूटी पर मौजूद था। इसी दौरान उसने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### विस के बाहर गूंजा डीजे और जुलूस का मुद्दा

**रांची।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग का अलर अब भारत में भी देखने को



मिल रहा है। देश में एलपीजी का संकट गहराता जा रहा है। भारत सरकार बार-बार लोगों से पैनिक बुकिंग से बचने की अपील कर रही है। गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लोगों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। विधानसभा में बताया कि केंद्र उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बुकिंग की अवधि 15 दिन से बढ़कर 25 दिन कर दिया गया।

### एक लाख का इनामी शहजाद मुठभेड़ में ढेर

**सहारनपुर।** सहारनपुर में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए के इनामी शहजाद को मार गिराया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती



बना हुआ था। पुलिस के मुताबिक शहजाद हिस्ट्रीशीटर और पेशेवर गोकशी से जुड़ा आरोपी था। उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज थे फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। फतेहपुर क्षेत्र के गंदेवड़ा गांव निवासी शहजाद की तलाश लंबे समय से की जा रही थी।

# आज चैत्र नवरात्र के पहले दिन बदलेगा राम मंदिर का ध्वज, राष्ट्रपति मुर्मू की मौजूदगी में होगा विशेष आयोजन

**121 फीट ऊंचाई पर लगा है ध्वज, 5 हजार से अधिक मेहमान समारोह का हिस्सा बनेंगे**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे के कारण श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए, बुधवार रात 11 बजे से शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। यह डायवर्जन आज 19 मार्च को शाम पांच बजे तक या राष्ट्रपति के कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।


इस अवधि के दौरान, जिले की ओर आने वाले भारी मालवाहक वाहनों, जैसे ट्रक, ट्रैक्टर और डीसीएम, पर पूरी तरह रोक रहेगी। इन वाहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग किया जाएगा। अयोध्या शहर की ओर इन भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इनमें एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, दूध, दवा और अन्य महत्वपूर्ण सामान ले जाने वाले वाहन शामिल हैं।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए, 19 मार्च को रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन द्वारा यह कदम सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे यात्रा से पहले यातायात व्यवस्था की जानकारी ले लें और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

**चैत्र नवरात्र और रामनवमी मेले का शुभारंभ आज से | बदले हुए समय पर खुलेगा अयोध्या राम मंदिर**

### समाहोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी

चैत्र नवरात्र और रामनवमी मेले का शुभारंभ 19 मार्च से हो रहा है। इसी दिन श्रीराम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना भी विधि-विधान से की जाएगी। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी। इसके अलावा पांच हजार से अधिक मेहमान समारोह का हिस्सा बनेंगे। इस दिन राम मंदिर एक घंटा पहले सुबह छह बजे से





ही खोलने का निर्णय लिया गया है। यह पहला समारोह होगा जिसमें वीआईपी कार्यक्रम के बावजूद दर्शन व्यवस्था भी सुचारु रूप से चलती रहेगी। राम मंदिर ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि राम मंदिर परिसर में जितनी देर राष्ट्रपति रहेंगी केवल उतनी देर ही दर्शन रोका जाएगा, बाकी दर्शन सुचारु रूप से चलता रहेगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम के बाद उप मंदिरों में शुरू हो जाएंगे भक्त को दर्शन

राष्ट्रपति आज सुबह करीब 11 बजे राम मंदिर परिसर पहुंचेंगी और लगभग चार घंटे तक वहीं रहेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह खोल दी जाएंगी। इसके बाद प्रतिदिन लगभग पांच हजार श्रद्धालु पास के आधार पर परकोटा सहित परिसर के सभी मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान श्रद्धालु राम लला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष योजना बनाई जा रही है। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिनमें हुतात्मा स्मारक और अस्थायी मंदिर का निर्माण शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि रामलला के सूर्य तिलक की परंपरा को बनाए रखने के लिए सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट और ऑप्टिका के साथ 10 वर्षों का अनुबंध किया गया है।

**यूपी को मिली एक ओर सौगात, पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम निर्णय लिए**

# खुशखबरी! बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे को मंजूरी, 100 किमी का सफर

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश में 6969.04 करोड़ रुपए के परिव्यय से बाराबंकी से बहराइच तक 101.515 किलोमीटर की 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग-927 निर्माण की सरकारी निजी भागीदारी वार्षिकी मोड परियोजना को मंजूरी दी। वही बाराबंकी—बहराइच के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिससे आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को मल्टीमॉडल लिंकेज के साथ जोड़ा जाएगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 18 मार्च को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें से सरकार का एक फैसला यूपी के 2 जिलों के लिए बेहद खास है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच 101.515 किलोमीटर तक 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को हाइब्रिड एन्युटी मोड पर 6969.04 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दे दी है।

उत्तर प्रदेश में एनएच-927 के बाराबंकी-बहराइच खंड के प्रस्तावित अपग्रेडेशन से बाराबंकी और बहराइच जिलों के शहरी क्षेत्रों में मौजूद गंभीर सड़क खामियां, जैसे- तीखे मोड़ों और भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा।

**बाराबंकी-बहराइच 4-लेन हाईवे को कैबिनेट ने दी मंजूरी | यात्रा समय घटेगा, व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी**



फाइल फोटो

### भारत-नेपाल के बीच वाहनों को गति देगा बहराइच का फोरलेन हाईवे

*भारत से नेपाल के बीच वाहनों को गति देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बाराबंकी से बहराइच के बीच फोर लेन एनएच 927 बनाने की प्रकिया तेज कर दी है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक (लखनऊ) ने पूरा प्रस्ताव बनाकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) को भेज दिया है। फोर लेन बनाने के लिए प्राधिकरण को सरकारी व गैर सरकारी 325 हेक्टेअर जमीन भी चाहिए होगी। इसे भी चिह्नित कर लिया गया है। यह जमीन फोर लेन के बगल में सर्विस लेन बनाने के काम आएगी। इस राष्ट्रीय राजमार्ग के बन जाने से बड़े ही सुगमता से 38 हजार तक हल्के व भारी वाहन कई दशक तक चल सकेंगे। सबसे खासबात है कि जो वाहन अभी कई घंटे लेते हैं बहराइच तक पहुंचने में, अब 101 किमी. का सफर चंद घंटे में पूरा हो सकेगा।*

**एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन हाईवे से विकास को बढ़ावा मिलेगा**

एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन हाईवे के तौर पर डिजाइन किया गया यह प्रोजेक्ट प्रमुख बस्तियों को बाईपास करेगा, इससे एवरेज पैसेंजर स्पीड बढ़ेगी, ट्रैवल टाइम लगभग एक घंटे तक कम होगा और समग्र सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार करेगी, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### क्षेत्र में माल और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी

यह परियोजना उत्तर प्रदेश के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को जोड़ती है। इसके अतिरिक्त, एडवांस कॉरिडोर, 3 इकोनॉमिक सेंटर, 2 सोशल सेंटर्स और 12 लॉजिस्टिक्स केंद्रों के जुड़ने से इंटीग्रेशन को बढ़ावा देगा, जिससे क्षेत्र भर में माल और यात्रियों की आवाजाही तेज होगी। परियोजना पूरी होने पर, यह नेपालगंज सीमा के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन कॉरिडोर स्थापित करेगी, जिससे रूपाईडीहा लैंड पोर्ट तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह बहराइच और श्रावस्ती जैसे दूरस्थ जिलों को भी जोड़ेगा।

**जगह-जगह पुष्प बरसात के साथ हुआ स्वागत**

# धूमधाम के साथ निकली माता मनकामेश्वरी की शोभायात्रा



शोभायात्रा में एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डा कमलकांत उपमन्यु एवं अन्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

कस्वा राया में बुधवार को गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी की शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। जगह जगह भक्तजनों ने भोग लगाकर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु , कृष्ण कुमार शर्मा उपखणंड अधिकारी देवेंद्र तिवारी ने मातारानी की आरती उतारकर किया। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा मार्ग होते हुए मंदिर परिसर पर जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के साथ ही नवदुर्गा मेला का शुभारंभ हो गया।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अभिषेक पाराशर, मनोज नागर, भूपेश अग्रवाल, विकास चौधरी, उमेश सारस्वत, रविकांत वर्मा , डॉ नरेंद्र रावत, अरविंद शर्मा, राजकुमार उपमन्यु, आदि मौजूद रहे।

### गया जी एयरपोर्ट पर 10 करोड़ का गांजा जब्त

**पटना।** बिहार के गया जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कस्टम विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की। इस बीच करीब 10 करोड़ रुपए मूल्य का 'हाईटेक गांजा' जब्त किया। बरामदगी के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और जांच प्रक्रिया को और सख्त कर दिया गया है। 14 मार्च को थाई एयरवेज की बैंकॉक से आई एक शेड्यूल फ्लाइट से पहुंचे दो संदिग्ध बैग को कस्टम अधिकारियों ने जांच के दौरान अलग कर लिया था।

## पेज एक का शेष

### इमारत में लगी भीषण...

सुबह सात बजे मिली। इसके बाद दमकल की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी से फैल गई। संभवतः दुकान में मौजूद अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ, इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण तेजी से आग फैली। स्थानीय बाजार संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र अपनी पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियों के साथ इमारत में रहते थे। घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद नहीं थे। कश्यप गोवा में थे, जबकि उनका एक बेटा और उसका परिवार छुट्टी मनाने बाहर गए हुए थे। मृतकों की पहचान राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियों के रूप में हुई। उनकी तीन बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। पुलिस ने बताया कि लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी इस अग्निकांड में मौत हो गई। राजेन्द्र और लाडो का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इसके तुरंत बाद उसने खुद भी छलांग लगा दी। इस घटना में वह दोनों घायल हो गए। उनका इलाज किया जा रहा है। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत में कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया और उसका सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सचिन आग में लगभग 25 प्रतिशत झुलसा है।

पुलिस ने बताया कि पालम गांव थाने को सुबह सात बजकर चार मिनट पर राम चौक मार्केट की डब्ल्यू जेड 124ए, नंबर इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एक व्यापक अग्निशमन और बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, वायुसेना पुलिस और एनडीआरएफ के कर्मियों के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गई। घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में साफ देखा जा रहा था कि इमारत से काले धुएं के घने गुबार उठ रहे थे। जबकि आग की लपटों ने इमारत के कुछ हिस्सों को अपनी चपेट में लिया हुआ था। ऐसे में अग्निशमन विभाग को भी भीड़ वाले बाजार क्षेत्र में आग बुझाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दोपहर करीब दो बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया और उसके बाद कूलिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने इलाके की घेराबंदी भी कर दी थी। घटनास्थल का मुआयना करने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है और जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी गुरपाल सिंह ने बताया कि आग सुबह करीब छह बजकर 15 मिनट पर लगी। उन्होंने बताया कि दुकान में एक ब्यूटी पार्लर भी था जिसमें बड़ी मात्रा में सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद रखे थे, इसलिए आग तेजी से फैल गई।

### मुख्यमंत्री ने व्यक्त...

*परिजनों को 5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने इस पूरी घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हम इस मुश्किल घड़ी में राहत, सहायता और सभी आवश्यक मदद सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।*

### 'तकनीक' ने जला...

कारोबार करते थे। घर में कुछ ऐसे केमिकल भी रखे थे जो ज्वलनशील हैं। घर में 10 से ज्यादा गैस सिलेंडर और ज्वलनशील केमिकल भी रखे थे, जिससे आग और भयावह हो गई। बचाव दल को दरवाजे तोड़कर अंदर प्रवेश करना पड़ा। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। परिवार ने तिलकनगर मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार किया। एक साथ 7 चिताएं जलीं। बच्चे के शव को दफनाया गया है, जिसे बॉक्स में रखकर लाया गया था।

### घरेलू एलपीजी का उत्पादन...

कि वो किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। सिलेंडर की बुकिंग के लिए ऑनलाइन माध्यम का ही प्रयोग करें। तेल कंपनियां पहले की तरह उपभोक्ताओं के घरों तक सिलेंडर की डिलीवरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में ऑनलाइन गैस बुकिंग का आंकड़ा 93 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह जानकारी 18 मार्च को राजधानी में पश्चिम-एशिया के हालात पर आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने दी है।

**2 हजार 300 जगहों पर किया औचक निरीक्षण :** सुजाता ने कहा कि 30 राज्यों ने राज्य कंट्रोल रूम बनाया है और 22 राज्यों में जिला स्तरीय समिति गठित की जा चुकी हैं। सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों से ये अनुरोध है कि जहां पर कंट्रोल रूम या जिला स्तरीय समितियां नहीं बनी हैं। वहां तुरंत उनका गठन किया जाना चाहिए। केंद्र की ओर से गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी जारी है, अवैध रूप से रखे गए सिलेंडरों को जब्त किया जा रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में उक्त कवायद चल रही है। पीएसयू अधिकारियों की टीम भी सतर्क हैं और उन्होंने पिछले 17 मार्च तक 2 हजार 300 रिटेल आउटलेट और एलपीजी वितरकों के यहां औचक निरीक्षण किया है।

### 80 हजार 886....

*लिए विभिन्न बंदरगाहों में स्टोरेज के लिए अतिरिक्त जगह तैयार की गई है। विशाखापट्टनम पोर्ट अथॉरिटी में करीब सवा दो हजार वर्गमीटर का अतिरिक्ति स्टोरेज स्थान बनाया गया है। किसी भी बंदरगाह पर किसी तरह की भीड़ भाड़ की सूचना नहीं है। मुंद्रा पोर्ट पर कुल कंटेनर यार्ड की क्षमता करीब 4 लाख की है। मंत्रालय लगातार हालात, जहाजों की गतिविधियों, नाविकों और उनके परिजनों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ताकि व्यापार सुचारू रूप से चल सके।*

### लोकसभा में सुनाई...

महिलाओं, वंचित वर्गों के लिए जो भी जरूरी कदम हैं। उन्हें पूरी तरह से उठाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यहां बता दें कि इस विषय पर केंद्रीय मंत्री से सदन में समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने एक प्रश्न के माध्यम से स्पष्टीकरण देने की मांग की थी। जिसके जवाब में वैष्णव ने यह जानकारी दी है।

**कन्नड़ फिल्म 'केडी: द डेविल' का है ये गाना :** गौरतलब है कि यह गाना कन्नड़ फिल्म 'केडी: द डेविल' का है। जो नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया है। इसके ऑनलाइन रिलीज होते ही यह विवादों में घिर गया है और दर्शकों ने भी इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताना शुरू कर दिया है। गाने का हिंदी वर्जन इसी सप्ताह यूट्यूब पर अपलोड किया गया था। जबकि संबंधित फिल्म 30 अप्रैल 2026 को देशभर में रिलीज होने वाली है।

### कहा, इनेलो कांग्रेस...

धरना-प्रदर्शन उनकी आंतरिक स्थिति को दर्शाता है और यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी के अंदर क्या चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका एक वोट भी रद्द किया गया, जिस पर उन्होंने चुनाव आयोग से आपत्ति जताई थी, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। इसके बावजूद उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए इसे स्वीकार किया।

सैनी ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस की भूमिका निराशाजनक रही। वे मुद्दे लेकर तो आए, लेकिन जब जवाब देने का समय आया तो सदन छोड़कर चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास न तो स्पष्ट नीति है और न ही ठोस दिशा, जिसके कारण आने वाले समय में पार्टी और कमजोर होगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार का चुनाव लड़ना पूरी तरह लोकतांत्रिक अधिकार है और किसी को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के नेताओं के बयान और व्यवहार में विरोधाभास साफ नजर आता है। उन्होंने अभय चौटाला के संदर्भ में कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को वोट देने या न देने का अधिकार है। यदि किसी को आश्वासन दिया गया था, तो उसे निभाना चाहिए था। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान इनेलो कांग्रेस की बी टीम साबित हुई है, जिसने कांग्रेस को मजबूती देने का प्रयास किया ।

**राज्यपाल से आज मुलाकात करेंगे भूपेंद्र हुड्डा :** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा बृहस्पतिवार को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष से मुलाकात करेंगे। हुड्डा के साथ कांग्रेस विधायक भी राज्यपाल से मिलने राजभवन जाएंगे। माना जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग, कांग्रेस के कुछ विधायकों के वोट रद्द होने और राज्यसभा चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी की भूमिका को लेकर हुड्डा राज्यपाल को शिकायत देंगे। विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आरोप है कि भाजपा ने राज्यसभा के चुनाव में अपने समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि नांदल हरियाणा भाजपा के उपाध्यक्ष हैं। हुड्डा विधानसभा में भी कह चुके हैं कि राज्यसभा के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस विधायकों को खरीदा। कई विधायक भाजपा के दबाव में नहीं आए, जबकि कांग्रेस विधायकों के कई वोट योजनाबद्ध तरीके से निरस्त किए गए हैं। हुड्डा ने मतगणना पूरी होने के बाद राज्यसभा चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए थे।

**क्रास वोटिंग करने के आरोपी चारों विधायकों को कांग्रेस का नोटिस :** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के आरोपी चारों विधायकों को कांग्रेस की अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल सिंह मलिक ने कारण बताओ नोटिस भेज दिए हैं। चारों विधायकों को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। मलिक ने कहा कि पार्टी लाइन के खिलाफ जाने, दगा करने और अनुशासन तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी संबंधित विधायकों को जवाब देने का मौका दिया गया है, लेकिन अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो आगे की कार्रवाई बेहद कड़ी होगी।

### अपरिपक्व होना अलग...

कुछ कठिन सवाल पूछ रही है। राहुल गांधी 55 वर्ष के होने के बावजूद या तो अपरिपक्व हैं या जानबूझकर भारत का विरोध कर रहे हैं, उनकी मंशा ही भारत विरोधी प्रतीत होती है। कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक हैंडल से एक ट्वीट किया गया है, भारत की यह विपक्षी पार्टी भारत को बदनाम करने पर आमादा है और राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस ट्वीट में लिखा गया है कि यह सिफारिश डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को यूएससीआईआरएफ द्वारा की गई थी, जो एक आधिकारिक अमेरिकी सरकारी निकाय है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किस आधार पर इस रिपोर्ट पर भरोसा कर रहे हैं? क्या उन्होंने इस रिपोर्ट को पढ़ने और समझने का समय निकाला है? अपरिपक्व होना एक बात है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का भारत विरोधी हो जाना चिंता का विषय है और यह सवाल उठता है कि राहुल गांधी इस रिपोर्ट का समर्थन क्यों कर रहे हैं? राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि भारत की रिसर्च एंड एनालिसिस विंग और आरएसएस जैसी संस्थाओं पर लक्षित प्रतिबंध लगाए जाएं, अर्थात भारत की रॉ के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई है। पहला प्रश्न यह है कि एक विदेशी एजेंसी, जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है, उसकी रिपोर्ट को गंभीरता से क्यों लिया जाए? हम इस रिपोर्ट को कूड़ेदान में डालने योग्य मानते हैं, ऐसी एजेंसी भारत को कोई प्रमाणपत्र नहीं दे सकती। इसके बावजूद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ऐसी संस्था के प्रमाणपत्र के सहारे यह स्थापित करना चाहते हैं कि भारत में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है। रॉ के क्रेडेंशियल्स राहुल गांधी के क्रेडेंशियल्स जैसे नहीं हैं, बल्कि रॉ ने 1968 में स्थापना के बाद से निरंतर देश की सेवा की है, हजारों अधिकारियों ने अपने जीवन को राष्ट्रहित में समर्पित किया है और अनेक अधिकारियों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए जो खुफिया जानकारी उपयोग में लाई गई, वह रॉ द्वारा एकत्रित की गई थी और जैश ए मोहम्मद को सबक सिखाने में उसका महत्वपूर्ण योगदान था। पाकिस्तान, रॉ की क्षमता से भयभीत रहता है और उसका लगातार विरोध करता है, आज जहां पाकिस्तान खड़ा है, उसी दिशा में भारत का नेता प्रतिपक्ष खड़ा नजर आ रहा है और यह बेहद चिंता का विषय है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और इसके पीछे के कारणों को समझना आवश्यक है।

### राजनीति में फुलस्टॉप...

सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रभावी कानून निर्माण के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहयोग बढाने तथा विपक्षी सांसदों की आवाज को सुनने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यसभा में सदस्यों की विदाई के अवसर पर बोलते हुए खरगे ने सदन को और अधिक सार्थक बनाने की अपील करते हुए कहा कि अच्छा कानून बनाने में सत्ता पक्ष की ही नहीं, विपक्ष की भी बराबर की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हमें सहयोग की भावना से काम करना चाहिए, न कि नफरत की भावना से। उन्होंने प्रधानमंत्री से संसद सत्रों की अवधि बढ़ाने की मांग की, ताकि महत्वपूर्ण बिलों पर ज्यादा समय दिया जा सके और जनता के मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबों, कमजोर तबकों, किसानों और मजदूरों के मुद्दों पर बात होनी चाहिए, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अपनी आलोचना मानकर बिना सुने खंडन करने लगता है, जबकि सरकार को जनता की चिंताओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**कांग्रेस से प्रेम, भाजपा से प्यार :** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का उल्लेख करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, ‟वे प्रेम हमारे साथ किए, लेकिन शादी मोदी साहब के साथ।” उनका इशारा जेडी(एस) द्वारा कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने की ओर था। रामदास आठवले पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि वे हमेशा कविता के जरिए प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हैं और अब छह साल का कार्यकाल दोबारा मिलने पर शायद थोड़ा कम करेंगे। उन्होंने राज्यसभा उपसभापति हरिवंश की शालीनता और शिष्ट व्यवहार की भी प्रशंसा की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि समय अपनी गति से चलता रहता है, संस्थाएं कायम रहती हैं और चेहरे बदलते रहते हैं। जो साथी दोबारा चुनकर आ रहे हैं और जो यहां से रिटायर होकर जा रहे हैं, वे सार्वजनिक जीवन में अपना योगदान जारी रखेंगे। अपने संबोधन के अंत में खरगे ने शायरी पढ़ी -‟विदाई तो है दस्तूर जमाने का पुराना, पर जहां भी जाना अपनी छाप कुछ ऐसे छोड़ जाना कि हर कोई गुनगुनाए तुम्हारा ही तराना।

### असंसदीय शब्दों को हटाने...

का प्रयास वे लगातार करते रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकाल पूरा करने वाले कई प्रमुख सदस्यों के योगदान का जिक्र किया। शरद पवार के साथ दशकों पुराने अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने खुशी जताई कि फिर से निर्वाचित होने पर वे दोबारा सदन का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने तिरुची शिवा, दिग्विजय सिंह, केटीएस तुलसी, अभिषेक मनु सिंघवी, शक्ति सिंह गोहिल, नीरज डांगी, रजनी पाटिल, फूलो देवी नेताम, फौजिया खान, प्रियंका चतुर्वेदी और साकेत गोखले जैसे सदस्यों के योगदान की सराहना की।

### राज्यसभा के सेवानिवृत...

सभापति ने सभी सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भवई लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत प्रस्तुति और संगीत कार्यक्रम ने समारोह को और भी गरिमामय बना दिया। समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल** sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार



डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. एस.पी. राय**

सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।




**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।

**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।



**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

डाइट सजेशन

**संध्या सिंह**

वैसे तो सुबह का नाश्ता हो या लंच या डिनर पौष्टिक होना चाहिए। लेकिन इनकी मात्रा और इनमें शामिल तत्वों में अंतर होना चाहिए। खासतौर पर रात का खाना बहुत भारी नहीं होना चाहिए। ऐसा क्यों जरूरी है और डिनर में आप क्या ले सकते हैं, आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# रात का खाना हो हल्का-पौष्टिक



हममें से अधिकांश लोग बहुत लंबे समय से खाने के बारे में यह कहावत सुनते आ रहे हैं, सुबह का नाश्ता राजा की भांति करो, दोपहर का भोजन एक परिश्रमी किसान की तरह और रात्रि का भोजन एक गरीब आदमी की तरह करो। यह कोई गलत मशवरा नहीं है। अधिकांश डॉक्टर्स सलाह देते हैं कि हमें रात के समय ज्यादा भारी मात्रा में भोजन करने से बचना चाहिए। लेकिन सुबह का नाश्ता थोड़ी ज्यादा मात्रा में लेना चाहिए, क्योंकि उस समय हमारा शरीर अपने पूरे दिन की गतिविधियों के लिए खुद को तैयार कर रहा होता है। रात के खाने और सुबह के नाश्ते में एक लंबा गैप होता है, उस समय हमारा शरीर जाग रहा होता है और उसे दिन भर के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है। इसलिए हमें अपने सुबह के नाश्ते की शुरुआत प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों से करनी चाहिए, जिससे हमारा पेट पूरा दिन भरा रहे। दिन के समय भी हम पर्याप्त मात्रा में संतुलित आहार ले सकते हैं।

## लाइट डिनर है फायदेमंद

रात के समय हमें पूरे दिन के खाने के बाद पेट के भरेपन का एहसास होता है और हमारा शरीर ज्यादा भारी और ज्यादा मात्रा में भोजन के लिए तैयार नहीं होता है। इसलिए डिनर हल्का लेना चाहिए। इसके अलावा हमें शाम के समय हैवी स्नैक्स नहीं लेने चाहिए ताकि रात का खाना हल्का-फुल्का खा सकें। रात का खाना कम कैलोरीयुक्त होना चाहिए ताकि ब्लड शुगर में बढ़ोत्तरी न हो। मोटा अनाज, फल, सब्जियां, चिकन, दालें, ग्रिल्ड फिश, जैसी चीजों से बचना चाहिए। रात का खाना कम खाने से न केवल वजन को नियंत्रित रख सकते हैं बल्कि इससे हम स्वस्थ भी रहते हैं।

## इसलिए ब्रेकफास्ट लें हैवी

सुबह के समय हैवी नाश्ता करने का मतलब ही है, दिनभर की कैलोरी को सुबह के समय लेना, जो शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुकूल होता है। सुबह के समय शरीर इंसुलिन के प्रति अधिक संवेदनशील होता है और वह ब्लड में शुगर को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकता है। वसा को अधिक प्रभावी ढंग से पचा सकता है और शरीर में संग्रहित कर सकता है। सुबह के समय हमारा मेटाबॉलिज्म अधिक तेज होता है, शाम को यह धीमा हो जाता है।

## वेट होता है कंट्रोल

विभिन्न अध्ययनों से भी यह पता चलता है कि जो लोग नाश्ता अधिक और रात का भोजन कम करते हैं, वे अपने वजन को घटाने में काफी कामयाब होते हैं। इसके अलावा सुबह के समय भरपेट भोजन करने से दिनभर भूख पर बेहतर नियंत्रण रहता है और दिन के समय ज्यादा खाने की संभावना भी कम हो जाती है। दिन की शुरुआत से ही ज्यादा कैलोरी का सेवन करने से वजन नियंत्रित रहता है। पाचनशक्ति बेहतर होती है। पेट में गैस की समस्या नहीं होती। हम पूरे दिन ऊर्जावान बने रहते हैं और रात में नींद भी बेहतर आती है।



## हैवी डिनर है हार्मफुल

अकसर लोगों की यह मानसिकता भी है कि सुबह के समय ऑफिस जाने की जल्दबाजी के कारण नाश्ता आधा-अधूरा करने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। दोपहर में अगर घर से टिफिन लेकर नहीं जाते तो बाजार से पेट भरने के लिए कुछ भी खा लिया जाता है, उनके लिए रात्रि का भोजन एक कंप्लीट और संतुष्टिदायक भोजन होता है। जिसे वे घर पर आराम से बैठकर खाने को अपनी आदत का एक जरूरी हिस्सा बना लेते हैं। जबकि रात के ज्यादा हैवी डिनर के बारे में मेडिकल क्रोनोबायोलॉजी प्रोग्राम में बोस्टन के डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि सुबह के समय हमारा शरीर ज्यादा भारी भोजन पचा सकता है। वह उस समय पोषक तत्वों और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को एब्जॉर्ब करके हमारे शरीर की कोशिकाओं को पूरे दिन की गतिविधियों के लिए ऊर्जा प्रदान करने के लिए तैयार रहता है। लेकिन जैसे-जैसे दिन गुजरता है हमारे वे अंग जो उन पोषक तत्वों को मेटाबोलाइज करते हैं (जैसे- लीवर और पैनक्रिएज) वे धीरे-धीरे सुस्त पड़ने शुरू हो जाते हैं। यही वजह है कि रात के समय ज्यादा भारी भोजन हमारे शरीर की मेटाबॉलिक गतिविधियों की सुचारू प्रक्रिया में बाधा डालते हैं और रात के समय सोने के दौरान शरीर में वसा जमा होती है। एक अध्ययन में यह भी पाया गया है कि जो लोग रात के समय ज्यादा भारी खाना खाते हैं, उन्हें सुबह भूख कम लगती है। इसलिए रात में ज्यादा खाने की बजाय सुबह ज्यादा खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जो लोग रात के समय ज्यादा कैलोरीयुक्त खाना खाते हैं, उनमें मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज होने के खतरे बढ़ जाते हैं।

## ईटिंग हैबिट में ऐसे करें बदलाव

जो लोग सुबह के समय ज्यादा नहीं खाते हैं और नाश्ता ज्यादा भारी भरकम नहीं करना चाहते, उन्हें शुरुआत में नाश्ता थोड़ा-थोड़ा करना चाहिए। सुबह के समय दही, दूध या फल से शुरुआत करें। धीरे-धीरे खाने की मात्रा बढ़ाएं, उनमें फल, मेवे और हल्का कार्बोहाइड्रेटयुक्त नाश्ता लें। इस तरह धीरे-धीरे सुबह के समय नाश्ता करने की आदत हो जाती है।



## समय का रखें ध्यान

आप रात में हैवी खाना न खाएं यह तो जरूरी है ही। इसके अलावा यह भी ध्यान रखें कि सोने से कम से कम 3 या 4 घंटे पहले डिनर कर लेना चाहिए। इससे आपका खाना अच्छी तरह पच जाएगा। *



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तिथि तय

**भोपाल।** गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। इनमें अक्षय तृतीया 19 अप्रैल, देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) 20 नवंबर, बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 तथा एक अन्य तिथि स्थानीय मांग और कलेक्टर के निर्णय अनुसार निर्धारित की जा सकती है। वर्ष 2026-27 में पक्ष 44 हजार से अधिक विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर राज्य सरकार 242 करोड़ से अधिक राशि व्यय करेगी।

### छग के नगरीय निकायों को 194.63 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में विकास को रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी वित्तीय मदद जारी की है। 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य के नगरीय निकायों को लगभग 194.93 करोड़ रुपये की राशि मिली है। इस फंड से प्रदेश के 139 शहरों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सुधार के काम तेज किए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार, इस राशि का बड़ा हिस्सा पेयजल और स्वच्छता से जुड़े कार्यों पर खर्च किया जाएगा। करीब 116.96 करोड़ रुपये टाइड ग्रांट के रूप में मिले हैं, जिनका उपयोग मुख्य रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जाएगा। इससे शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### जल जीवन मिशन 2.0: दिसंबर 2028 तक

**भोपाल ।** जल जीवन मिशन 2.0 को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के तत्काल बाद पहले ही दिन मप्र सरकार ने केंद्र सरकार के साथ एमओयू कर लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और इसे जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में पुनर्गठित कर लागू करने को मंजूरी दी है। इस निर्णय के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के साथ सेवा आधारित, टिकाऊ और पारदर्शी प्रणाली विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय पेयजल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने से लेकर पूरी अधोसंरचना का निर्माण करना, जिससे पेयजल हर ग्रामीण तक पहुंच सके।

# सकारात्मक सोच से ही दिव्यांग बच्चों को मिल सकता है परिवार और बेहतर जीवनः मंत्री निर्मला

**रवींद्र भवन में हुई क्षेत्रीय परामर्श बैठक, राज्यों के समन्वय, बच्चों के पुनर्वास पर हुआ मंथन**

**देश में दिव्यांग बच्चों के दत्तक ग्रहण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांग बच्चों को संस्थाओं से निकालकर परिवार का स्नेह और सुरक्षित भविष्य दिलाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परामर्श बैठक मंगलवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित हुई। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच से ही इन बच्चों को परिवार और बेहतर जीवन मिल सकता है। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिव्यांग शब्द देकर समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया है।

**देश में दत्तक ग्रहण का प्रतिशत अभी भी कम**



कार्यक्रम को संबोधित करती मंत्री निर्मला भूरिया व उपस्थित अधिकारी।



### दिव्यांग बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए परिवार आधारित पुनर्वास पर जोर

*केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की उप निदेशक ऋचा ओझा ने कहा कि देशभर में क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य विशेष बच्चों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में दत्तक ग्रहण का प्रतिशत अभी भी कम है, जिसे जागरूकता और नीति सुधारों के माध्यम से बढ़ाने की आवश्यकता है।*

### यह हुए बैठक में शामिल

*बैठक में सचिव महिला बाल विकास जीवी रश्मि, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) की उप निदेशक ऋचा ओझा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बाल संरक्षण के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित रहे।*

### कोई भी संस्था परिवार का स्थान नहीं ले सकती

*मंत्री भूरिया ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए परिवार का स्नेह अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कोई भी संस्था परिवार का स्थान नहीं ले सकती। भूरिया ने कहा कि वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार देश में 4,155 बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें केवल 7 प्रतिशत विशेष आवश्यकता वाले बच्चे थे और इनमें से भी अधिकांश बच्चों को विदेशी दम्पत्तियों ने अपनाया। यह स्थिति बताती है कि देश में दिव्यांग बच्चों के दत्तक ग्रहण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। मंत्री भूरिया ने कहा कि ऐसे बच्चों की संख्या कम होने के कारण राज्यवार विशेष योजनाएं बनाकर उनके समुचित पुनर्वास के लिए बजट का प्रावधान किया जा सकता है।*

**कांग्रेस ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया, भाजपा ने हजकां तोड़ने का अतीत याद दिलाया**

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर विधानसभा में हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

- कांग्रेस ने गैस किल्लत का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, स्पीकर ने नहीं दी इजाजत
- बजट सत्र के अंतिम दिन भी कार्य बाधित होने से स्पीकर नाराज नजर आए

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन भी राज्यसभा में क्रास वोटिंग और विधायक खरीदने के मुद्दे पर अच्छा खासा हंगामा, शोरगुल हुआ। इस दौरान आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जमकर चला, जब कांग्रेस ने खरीद फरोख्त, हार्स टेड्रिंग के आरोप लगाए तो भाजपा की ओर से अतीत की याद दिलाकर हजकां को तोड़ने का मामला याद दिलाया। सदन में कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा ने जब अपने इनेलो के दौर को याद किया और रणबीर गंगवा, रामकुमार कश्यप का नाम लिया, तो गंगवा ने खड़े होकर पलटवार किया। कांग्रेस की बेंच से एक युवा विधायक द्वारा ऊंची आवाज में जब शोर किया जा रहा था, तो सीएम ने नाराज होकर कहा-आवाज नीची रखो मुझे भी ऊंची आवाज में बोलना आता है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष बुधवार को सदन में अनुशासन बनाए रखने और जरूरी काम निपटाने पर फोकस किए हुए थे। उन्होंने कई बार कड़े शब्दों में विधायकों को चेताया और कहा कि यहां पर हुड़दंगबाजी नहीं चलेगी। सदन में राज्यसभा चुनाव को लेकर हंगामा शोरगुल अंतिम दिन और अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान बना रहा। गैस की किल्लत और रेट बढ़ने के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने जब मामला उठाया, तो स्पीकर ने इजाजत नहीं दी। कांग्रेस की ओर से बुधवार को अंतिम दिन की कार्यवाही में डॉक्टर रघुबीर कादियान, अशोक अरोड़ा, आफताब अहमद व अन्य ने शोरगुल किया।



### कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया

प्रश्नकाल समाप्त होते ही राज्यसभा चुनाव को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी और कांग्रेस विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। मुख्यमंत्री ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने का काम स्वयं कांग्रेस पार्टी कर रही है। कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र की हत्या के आरोप लगाना उनकी कुंठा का परिचायक है, जबकि वास्तविकता यह है कि लोकतंत्र की हत्या उनके बयानों से हुई है और कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

### प्राकृतिक खेती में ही मानव का भविष्य : आचार्य देवव्रत



चंडीगढ़। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्राकृतिक खेती पर विशेष व्याख्यान देते हुए कहा कि यह विषय केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी दलों के जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मानव कल्याण के दृष्टिकोण से सदन में उठाया गया।उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्राकृतिक कृषि मिशन को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### हुड्डा बोले-बजट में कुछ भी नहीं, सीएम नायब ने बताया विकसित हरियाणा का बजट

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने तंज कसा कि बजट में कुछ भी नहीं था। इसके बाद जय-जय हरियाणा गीत और इसके बाद में राष्ट्रगान से सत्र का समापन हुआ। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार के बजट पर एक पटवारी का किस्सा सुनाया तो स्पीकर भी हंसते हुए नजर आए। हुड्डा ने मुआवजा न मिलने की और कलेक्टर की बात पर दोनों पक्षों से विधायक जमकर हंसे। हुड्डा ने सीएम पर तंज कसा और कहा कि तीन घंटे, तीन घंटे, इनके बजट में है कुछ नहीं। इनकी वो कहानी है- म्हारा राजा नायब, ठाट बांट का, सर पर बांधे गाब्बा, लेनदेन में कुछ नहीं, जय राम जी की बाबा। कुछ इस तरह का बजट है इनका। सीएम नायब सैनी ने कहा कि ये बजट तीन करोड़ लोगों की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं का बजट है।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह**

## दीक्षा प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी समाज देश के विकास में सहयोग दें: राज्यपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह स्वर्ण जयंती सभागृह में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि आज दीक्षांत के साथ आप सभी ने समाज के उत्थान और देश की एकता के लिए शपथ ली है। विश्वविद्यालय से जो संस्कार आपको मिले है, उन्हें जीवन भर स्मरण रखकर कार्य करें। शिक्षित होने का उद्देश्य मात्र उपाधि अथवा प्रमाण-पत्र पाना नहीं बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक भी बनना है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालयों को कई सौगातें दी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय को विभिन्न यंत्रों के लिए 51 लाख रुपए, 5 ड्रोन तथा अध्ययन यात्रा के लिए एक बस प्रदान करने की घोषणा की। कॉमर्स विषय की स्नातक श्वेता तलेसरा को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट् की उपाधि से अलंकृत किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के 74 विद्यार्थियों को उपाधि और 107 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।*

### दीक्षांत समारोह जीवन में सीखने की नई शुरुआत : सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं बल्कि जीवन में सीखने की एक नई शुरुआत है, यह जीवन का महत्वपूर्ण टर्निंग पाइंट है। बेहतर जीवन के लिए विद्यार्थियों को सीखने की ललक सदैव बनाए रखना होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश और प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बनेंगे और जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा के साथ निवर्हन करते हुए अपने परिवार, समाज और देश का गौरव बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नवरात्रि और गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं भी दीं। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 17 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नवीन कृषि अध्ययनशाला भवन का लोकार्पण एवं एमईआरयू परियोजना अंतर्गत नव श्रृंगारित भर्तृहरि छात्रावास का लोकार्पण किया।*

**घायल वृद्ध अस्पताल में भर्ती, ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

# दिल दहलाने वाली घटना में बुजुर्ग पर हमला कर बदमाशों ने निकाली उसकी एक आंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

- पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

जिले के चैतमा चौकी अंतर्गत ग्राम बर्रा में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात हमलावरों ने एक बुजुर्ग पर इस कदर हमला किया कि उनकी एक आंख ही निकाल ले गए। इस हिंसक घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों के बीच बच्चा चोर गिरोह के सक्रिय होने की चर्चाओं ने डर का माहौल बना दिया है। गांव में घुस आए कुछ अज्ञात लोगों ने एक वृद्ध व्यक्ति को अपना निशाना बनाया। हमले में बुजुर्ग की आंख गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उनकी स्थिति नाजुक बताते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में यह बात तेजी से फैल रही है कि हमलावर बच्चा चोर गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। आसपास के ग्रामों में इस बात की पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है। ग्रामीण रात में पहरा देने को मजबूर हैं।



### सोते समय घर में घुसे बदमाश

घायल 80 वर्षीय हीरा सिंह सरुता ग्राम बर्रा के निवासी हैं। मंगलवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अपने कमरे में सो रहे थे। इस दौरान अचानक से हमलावर आए और उन पर हमला करना शुरू कर दिया। चीख पुकार मचाने पर हमलावर मौके से भाग खड़े हुए। रात में ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। चैतमा चौकी सुरेश कुमार जोगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल बुजुर्ग को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**दोस्त ने दिया था वारदात को अंजाम, खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद**

# चौकीदार की संदिग्ध मौत का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में एक चौकीदार की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। खाना बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी थी। मृतक के मुंह में मिले प्लास्टिक के टुकड़े के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। यह मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। 10 मार्च की सुबह ग्राम मिलूपारा में बिजली कंपनी के टावर में चौकीदारी करने वाले लखन उर्फ धरभुईया चौधरी (46 वर्ष, पश्चिम बंगाल निवासी) का शव खेती में मिला था। तमनार पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया। उन्होंने एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड की मदद ली। शुरुआत में मृतक के साथी अजहर अली ने खुद को प्रत्यक्षदर्शी बताते हुए पुलिस को गुमराह किया। उसने बताया कि 9 मार्च की रात 4-5 अज्ञात लोगों ने लखन को पकड़ लिया और उसे भी थप्पड़ मारकर भगा दिया। पुलिस को आसपास के लोगों से पूछताछ में अजहर की कहानी झूठी लगी। अजहर अली बार-बार अपने बयान बदल रहा था और नई-नई बातें बता रहा था।



### आरोपी ने किया साक्ष्य छिपाने का प्रयास

डॉक्टर ने मामले को होमीसाइडल बताया। उन्होंने मृतक के मुंह में एक प्लास्टिक का टुकड़ा पाया। संभवतः यह उसी वस्तु का हिस्सा था जिससे मृतक को चोट पहुंचाई गई थी। पुलिस ने इस दिशा में जांच बढ़ाई। वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ करने पर अजहर अली ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी अजहर अली ने बताया कि ड्यूटी के दौरान लखन चौधरी के साथ खाना बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उसने लखन चौधरी के साथ मारपीट की और उसे जमीन पर गिरा दिया। अजहर ने अपने हाथ में रखे टार्च से लगातार लखन के चेहरे पर मारकर चोट पहुंचाई। इसके बाद उसने मृतक का गला दबाकर हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने के लिए उसने खून लगे टार्च को धोया, अपने कपड़े जलाए और झूठी कहानी गढ़ी।

**समारोह में बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड के पदाधिकारियों हुए शामिल**

# देश के प्रति कर्तव्य पालन, दूसरों की सेवा स्काउटिंग और गाइडिंग के मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्काउटिंग और गाइडिंग के मूल मंत्र ईश्वर, देश के प्रति कर्तव्य तथा दूसरों की सेवा और चरित्र निर्माण मानवता का आधार है। बिम्सटेक भारत सहित बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के सदस्य देशों की युवा चेतना के लिए सीखने, समझने और आत्म-विकास का प्रेरक मंच है। युवा भौगोलिक सीमाओं से परे मानवता, सह-अस्तित्व और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करें।

समूचे क्षेत्र के सतत विकास, शांतिपूर्ण, समृद्ध भविष्य के निर्माण में योगदान करें। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में बिम्सटेक द्वारा यूथ कल्चरल हेरिटेज एंड सस्टेनेबिलिटी इमर्शन प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ समारोह में सदस्य देशों बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड भारत के स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स-रेंजर्स और पदाधिकारियों को राज्यपाल पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में स्काउट्स और गाइड्स द्वारा आयोजित किया गया था।

**शांतिपूर्ण, समृद्ध भविष्य के निर्माण में योगदान**



अतिथियों को सम्मानित करते राज्यपाल पटेल।

### आमंत्रण पत्र से मंत्री गायब

*मप्र स्काउट एवं गाइड्स के अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री होते है। स्काउट एवं गाइड में अनियमितताओं के चलते स्कूल शिक्षा विभाग पूर्व में अपना पल्ला झाड़ चुका है। वर्तमान में इसके अध्यक्ष उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को बनाया हुआ है। मंगलवार को कार्यक्रम शुभारंभ के आमंत्रण पत्र में उच्च शिक्षामंत्री इंदर सिंह परमार का नाम ही नहीं था। दूसरी तरफ स्कूल शिक्षा विभाग से पूर्व में मिले फंड का स्काउट एवं गाइड ने करीब तीन बाद भी उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया है। ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर खूब चर्चा है।*

### युवाओं को सांस्कृतिक विरासत और सतत विकास से जोड़ने की पहल : सीएसआर राम

*संयुक्त सचिव बिम्सटेक एवं सार्क विदेश मंत्रालय सीएसआर राम ने बताया कि मध्य प्रदेश में आयोजित बिम्सटेक कार्यक्रम के माध्यम से इंडो-पैसिफिक और ग्लोबल साउथ के विजन को मजबूती दी गई। महासागर पहल और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से इसे सरकारी नीतियों के बजाय एक जन-आंदोलन बनाया जा रहा है। युवाओं को सांस्कृतिक विरासत और सतत विकास से जोड़ने की पहल है।*

### इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि आयोजन का विषय "रिसत, प्रकृति और सतत भविष्य के लिए नेतृत्व, भौगोलिक सीमाओं से परे मानवता, सह-अस्तित्व और साझा उत्तरदायित्व के भाव को सुदृढ़ करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। युवाओं से कहा कि एक-दूसरे की विविध संस्कृतियों को समझने और सीमाओं से परे स्थाई मित्रता स्थापित करने के इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।*

**कर्मचारी महासंघ का चरणबद्ध आंदोलन शुरू**

## चतुर्थ कर्मचारियों की रिक्त पदों पर सीधी भर्ती कर की जाए पुरानी पेंशन बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। आंदोलन के प्रथम चरण में सोमवार को कर्मचारियों ने सभी जिलों में कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि देश भर में डी ग्रुप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीधी भर्ती बंद है। लगभग एक करोड़ 40 लाख पद रिक्त है। महासंघ की मांग है कि शीघ्र सीधी भर्ती के द्वारा पदों की पूर्ति कर पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। साथ ही स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह सभी सुविधाएं दी जाए तथा समान वेतन समान कार्य के आधार पर उनको पुनर्स्थापित किया जाए।



प्रदर्शन करते महासंघ पदाधिकारी।

## चिंतन

# युद्ध रुकवाने में कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करे भारत

दुनिया एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। अलग-अलग मोर्चों पर भड़कते संघर्ष न केवल क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे समय में भारत की कूटनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने हमेशा से ही एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाई है, जो आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो, अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन का दौर हो या पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव। भारत ने हर मोर्चे पर अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन को भी प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि भारत एक साथ रूस से हथियार और ऊर्जा संसाधन लेता है तो यूक्रेन के साथ भी मानवीय संबंध बनाए रखता है। यह संतुलन केवल नीति नहीं, बल्कि एक परिपक्व कूटनीतिक सोच का प्रतीक है। आज स्थिति यह है कि भारत के संबंध अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों के साथ मजबूत और विश्वासपूर्ण हैं। यही कारण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र से भारत के तीन जहाज (दो एलपीजी के और तेल से भरा) सुरक्षित निकलकर देश तक पहुंच पाए हैं। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद पर आधारित कूटनीति का परिणाम है। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत इस स्थिति का उपयोग केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित रखे या फिर एक बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में कदम बढ़ाए? स्पष्ट रूप से, यह समय भारत के लिए एक निर्णायक अवसर लेकर आया है। भारत यदि चाहे तो वह एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की दिशा में पहल कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास प्राप्त किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा भारत के साथ संवाद स्थापित करना और मानवीय सहायता को स्वीकार करना इस बात का संकेत है कि भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, युद्ध में शामिल पक्षों के अपने-अपने रणनीतिक हित, राजनीतिक दबाव और क्षेत्रीय समीकरण हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता आसान नहीं होती। इतिहास गवाह है कि कठिन परिस्थितियों में ही बड़े कूटनीतिक कदम उठाए जाते हैं। भारत के पास वह नैतिक आधार, विश्वसनीयता और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उसे इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है। दिलचस्प यह भी है कि घरेलू राजनीति में मतभेदों के बावजूद, विदेश नीति के इस पहलू पर व्यापक सहमति दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं जैसे शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा सरकार की कूटनीति की सराहना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण बन रहा है। यह भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का भी संकेत है। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो टकराव के बजाय संवाद को प्राथमिकता दे। जो शक्ति प्रदर्शन के बजाय शांति स्थापना को महत्व दे। भारत की परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम" इसी विचार को आगे बढ़ाती है। यह केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक कूटनीतिक दर्शन है, जिसे आज के समय में लागू करने की आवश्यकता है। अब समय है पहल का, क्योंकि शांति की हर कोशिश भविष्य को सुरक्षित बनाती है।



विभीषिका
ममता कुशवाहा

# विनाश के बीच विलुप्त होती संवेदनाएं

> युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

आज जब विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर है, उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास अत्यंत पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी मनुष्य के भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। गाजा से लेकर यूक्रेन और अफगानिस्तान तक फैले युद्ध के दृश्य यह संकेत देते हैं कि आधुनिक सभ्यता की चमक के पीछे एक गहरा अंधकार भी मौजूद है, जिसमें संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। अस्पताल, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का केंद्र बन जाए तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार है। चार सौ निर्दोष लोगों की मृत्यु केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि चार सौ परिवारों के उजड़ने की कहानी है, चार सौ सपनों के टूटने की पीड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन जैसे समझौतों के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध की विभीषिका के बीच भी कुछ मानवीय मर्यादाएं बनी रहें। किंतु वर्तमान समय में इन नियमों का उल्लंघन जिस निर्लज्जता के साथ किया जा रहा है, वह चिंताजनक है।

यह केवल नियमों की अवहेलना नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि शक्ति और प्रभुत्व की राजनीति ने नैतिकता को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। युद्ध के पीछे निहित कारणों की पड़ताल करें तो स्पष्ट होता है कि यह केवल सीमाओं या संसाधनों का संघर्ष नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताएं भी शामिल हैं। जब राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि मानकर निर्णय लेते हैं तो वे अक्सर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा कर देते हैं।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से तब और खतरनाक हो जाती है, जब शक्तिशाली देश अपने प्रभाव का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी निष्क्रिय बना देते हैं। परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं भी कई बार केवल दर्शक बनकर रह जाती हैं और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। युद्ध का एक और भयावह पहलू



शरणार्थी संकट के रूप में सामने आता है। जब लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं तो उनका जीवन असुरक्षा, अभाव और अनिश्चितता से भर जाता है।

भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनके जीवन को और भी कठिन बना देता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है, जिनका बचपन भय और अस्थिरता के बीच बीतता है। यह केवल एक पीढ़ी का संकट नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि ऐसे माहौल में पले-बढ़े बच्चे अक्सर हिंसा और असुरक्षा के चक्र में फंस जाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी युद्ध की यह संवेदनहीनता अत्यंत चिंताजनक है। रमजान जैसे पवित्र महीने में हिंसा का बढ़ना यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं का प्रभाव कम होता जा रहा है। धर्म, जो मूलतः शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जब राजनीति और सत्ता के उपकरण के रूप में उपयोग होने लगता है तो उसकी मूल भावना विकृत हो जाती है। यह स्थिति न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि हिंसा को भी वैधता प्रदान करने का प्रयास करती है। मीडिया और तकनीक की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

आज युद्ध के दृश्य तुरंत पूरी दुनिया तक पहुंच जाते हैं, जिससे एक ओर जागरूकता बढ़ती है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता भी बढ़ने का खतरा रहता है। लगातार हिंसा के दृश्य देखने से लोगों के भीतर एक प्रकार की उदासीनता विकसित हो सकती है, जिससे वे इन घटनाओं को सामान्य मानने लगते हैं। यह स्थिति और भी खतरनाक है, क्योंकि जब समाज संवेदनहीन हो जाता है तो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है, या समाज और व्यक्तियों की भी इसमें कोई भूमिका है? वास्तव में, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके। समाज और नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर ही हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। शिक्षा और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में यह समय आत्ममंथन का है। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हमारी प्रगति वास्तव में हमें अधिक मानवीय बना रही है, या हम केवल तकनीकी रूप से उन्नत होकर नैतिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवरात्रि का संदेश

मुनीष भाटिया



# शक्ति की आराधना और धर्म का सच्चा पालन

भारत की सनातन परंपरा में नवरात्रि केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और शक्ति-साधना का पावन काल है। यह वह समय है जब संपूर्ण सृष्टि आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना में लीन हो जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें न केवल भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है, बल्कि धर्म, न्याय और मर्यादा के पालन की प्रेरणा भी देता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। ये सभी स्वरूप केवल देवी के रूप नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आंतरिक गुणों और आध्यात्मिक शक्तियों के प्रतीक हैं। शैलपुत्री हमें स्थिरता और संकल्प का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का, चंद्रघंटा साहस का, और कात्यायनी धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक हैं। शास्त्रों में कहा गया है-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह वाक्य केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारे धर्म का मूल सिद्धांत है।

नवरात्रि का पर्व हमें यही सिखाता है कि नारी केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृष्टि की मूल शक्ति है। मां दुर्गा स्वयं उस शक्ति का प्रतीक हैं, जो सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार-तीनों करती हैं। जब हम अपने समाज की वास्तविकता को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। एक ओर हम पूरे विधि-विधान से देवी की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति असम्मान और हिंसा की घटनाएं हमें विचलित करती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी चिंताजनक है, क्योंकि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि आचरण में प्रकट होना चाहिए। नवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि असली पूजा मूर्ति की नहीं, बल्कि शक्ति के स्वरूप का सम्मान करने में है। यदि हम मंदिर में देवी के चरणों में फूल अर्पित करते हैं, लेकिन अपने घर, समाज या कार्यस्थल पर किसी महिला का अपमान करते हैं तो हमारी पूजा अधूरी है। धर्म का सार केवल मंत्रोच्चार में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार में निहित होता है। मां दुर्गा का प्रत्येक रूप हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

जब महिषासुर जैसे दानवों ने अत्याचार की सीमा पार कर दी, तब देवी ने उनका संहार कर धर्म की रक्षा की। यह कथा केवल पौराणिक नहीं, बल्कि एक शाश्वत सत्य है कि जब भी अन्याय बढ़ता है, तब शक्ति का प्रकट होना आवश्यक होता है। आज के संदर्भ में यह शक्ति केवल देवी के रूप में नहीं, बल्कि समाज की प्रत्येक महिला और बालिका के रूप में उपस्थित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखें। नवरात्रि का उपवास केवल शरीर को शुद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी पवित्र करने का अवसर है। धार्मिक दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को केवल पूजा की विधि ही न सिखाएं, बल्कि नारी सम्मान, मर्यादा और सदाचार के संस्कार भी दें। जब तक हमारी आने वाली पीढ़ी यह नहीं समझेगी कि हर महिला में देवी का अंश है, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। इसके साथ ही आत्मरक्षा भी एक प्रकार की धर्म-साधना है। जैसे मां दुर्गा ने अपने अस्त्र-शस्त्रों से अधर्म का नाश किया, वैसे ही आज की महिलाओं को भी अपने आत्मबल और साहस को जागृत करना होगा। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रकार का धर्म पालन है। समाज और परिवार को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नारी की गरिमा बनी रहे। यदि किसी भी रूप में उसका अपमान होता है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि धार्मिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः, नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि 'शक्ति की उपासना तभी पूर्ण होती है, जब हम उस शक्ति का सम्मान अपने व्यवहार में भी करें।' इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून और दंड पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

सबसे पहले, बच्चों को केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान, संवेदना और सह अस्तित्व जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों को समझ सकें। सच्ची नवरात्रि वही होगी, जब हमारे मंदिरों के साथ-साथ हमारे मन भी पवित्र हों, और हमारे कर्म यह प्रमाण दें कि हम वास्तव में शक्ति के उपासक हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
**दर्शन**

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता।इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे।

# चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
**प्रेरणा**

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे। संयोग से होने वाले सुख का नमूना तो देख ही लिया; लेकिन अब भी चेत नहीं करते फिर और चाहते हैं कि संयोग से सुख ले लें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पग-पग पर लगा व्यसनों बाजार

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-विजय कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### एनडीआरएफ के लिए अतिरिक्त बटालियन की कमी पर चिंता


संसद की एक स्थायी समिति ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की परिचालन जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में इसके लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई। संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्ट में, गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने आपदा प्रतिक्रिया में एनडीआरएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और अतिरिक्त कर्मियों के लिए आवश्यक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने बल की विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आपदा प्रबंधन में निभाई गई भूमिका और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता अभियानों में इसके योगदान की भी प्रशंसा की। समिति ने 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी 257वीं रिपोर्ट में कहा ' ' बढ़ती परिचालन जिम्मेदारियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में एनडीआरएफ के लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई है और तैनात बल (14,837) स्वीकृत बल (18,581) से काफी कम है। समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से कहा कि वह मानव संसाधन में अंतर का मूल्यांकन करे और रिक्तियों को भरने के उपाय तेज करे ताकि परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जा सके।




## ऑफ बीट

### लद्दाख-मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी राजहंस बने आकर्षण का केंद्र

सर्दी के जाने के साथ-साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के निकट चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दी में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी 'बार हेडेड गूज' जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक-दो की नहीं बल्कि 500 से अधिक 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े-बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने-पहचाने वाले बार-हेडेड गूज सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1,600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने बताया कि इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है।



## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपका समृद्ध अनुभव और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टि पिछड़े वर्गों के कल्याण को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली निवेश के लिए तैयार



दिल्ली ऐतिहासिक धरोहरों और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ अपार अवसरों का शहर है। ऑरेंज इकॉनमी, डाटा सेंटर, आईटी हब और मेडिकल सेंटर्स जैसे विविध क्षेत्रों में दिल्ली निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### लॉ एंड आर्डर



उप्र में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेखौफ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### गैस की कालाबाजारी



मुख्यमंत्री का यह दावा कि "गैस की कोई कमी नहीं है", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए जनता पर नियम थोपने के बजाय आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी पर लगाम लगाए।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भव्या से औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा, बिना विस्थापन बनेंगी जल विद्युत परियोजनाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली 4प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है।यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी दी।

### देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क

भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। 'भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या)' नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है। केंद्र सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक का वित्तीय सहयोग प्रदान करेगी। यह योजना छह साल की अवधि के लिए है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने कई फैसले लिए

### कपास के लिए क्षतिपूर्ति दी जाएगी



फैसलों की मीडिया को जानकारी देते मंत्री अश्विनी वैष्णव

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी**

कपास एमएसपी (2023-24): कैबिनेट ने कपास सीजन 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संचालन पर हुए 1,718 करोड़ के खर्च की प्रतिपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय किसानों को समर्थन देने के लिए लिया गया था, क्योंकि अक्तूबर 2023 से सितंबर 2024 तक चले इस सीजन में कपास की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर गई थीं। सरकार ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से किसानों से एमएसपी पर कपास की खरीद की। इस खरीद से 7.25 लाख किसानों को सीधा लाभ मिला। कुल 33 लाख गांठें कपास खरीदी गईं। इन खरीदों के माध्यम से किसानों को कुल 11,712 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। कपास सीजन 2023-24 में भारतीय किसानों ने कुल 325 लाख गांठें कपास का उत्पादन किया था।

### लघु पनबिजली योजना को मंजूरी

लघु पनबिजली विकास योजना: केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 2,585 करोड़ के परिव्यय वाली एक लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि 2,585 करोड़ के परिव्यय के साथ लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इन परियोजनाओं को बिना बांध बनाए और लोगों को विस्थापित किए बिना, नदी के प्रवाह पर आधारित परियोजनाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

### 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाएं भी स्वीकृत

वैष्णव ने कहा कि देश में 7,133 स्थलों पर 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाओं की संभावनाएं हैं। देश में 1,196 स्थलों पर 5,100 मेगावाट की लघु जलविद्युत परियोजनाएं कार्यरत हैं। इनकी क्षमता 1 मेगावाट से 25 मेगावाट तक है। ये 2030-31 तक पांच वर्षों में कार्यान्वित की जाएंगी। इस योजना से लघु जलविद्युत परियोजनाओं में 15,000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में 4 थर्मल स्टेशनों को उड़ा देंगे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित 4 बड़े थर्मल पावर स्टेशनों को ड्रोन से हमले की



धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक यह धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें इन पावर स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के



मुजफ्फरनगर में पत्थरबाजी की घटना में हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और एआई की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। कैमरे में रिकॉर्ड छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक से पकड़ने में हम कामयाब रहे। हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली जहां वह था।

### हिमाचल में कर्मचारी जींस-टीशर्ट न पहनें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड



और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी कर्मचारियों को साफ-सुथरे, औपचारिक कपड़े पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों को शर्ट-पैंट और महिला कर्मचारियों को साड़ी, सूट या अन्य परिधान के निर्देश हैं।

### निरंजन बनीं पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा की नेता साध्वी निरंजन ज्योति को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई



है। उन्हें सरकार की ओर से राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर पूर्व सांसद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ज्योति ने बुधवार को राष्ट्रीय ओबीसी आयोग की अध्यक्ष का पद ग्रहण किया।

### फंदे से लटकी वाइस चेयरमैन, गंभीर आरोप

**झुंझुनूं।** जिले के खेतड़ी कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नगरपालिका की



निवर्तमान वाइस चेयरमैन सुनीता देवी (35 वर्ष) का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मामला गंभीर आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया। सुनीता को पति गजेंद्र अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जब लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में मंत्रियों को दी नसीहत, प्रश्नकाल ही सबसे महत्वपूर्ण...

रेड्डी की राज्यों से अपील, मोबाइल कचरे को फेंके नहीं, जटिल खनिज मिलेंगे

# पूर्व व मौजूदा सांसदों के निधन संबंध उल्लेख के दौरान भी सदन की गरिमा को बनाए रखने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के निम्न सदन में बुधवार को कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की तरफ से सभी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को दो जरूरी नसीहत दी गईं। जिसमें सबसे पहले उन्होंने किसी भी पूर्व या मौजूदा सदस्य के निधन (आंध्र-प्रदेश से सदन के पूर्व सदस्य कावुरु संबा शिवराव के निधन सूचना का मामला) की सूचना देते वक्त सदन में किसी तरह की कोई बातचीत नहीं की जानी चाहिए। उसके बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों को अपनी पूर्व निर्धारित बैठकों से इतर प्रश्नकाल के दौरान हर हाल में लोकसभा में उपस्थित रहने की हिदायत भी दी है। साथ ही आरएसपी सांसद एन.के.प्रेमचंद्रन को लगातार दो दिनों से प्रश्न पूछने का मौका दिए जाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने खासकर विपक्षी सांसदों से कहा कि बतौर अध्यक्ष मेरी या इस सदन की कार्यप्रणाली पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है। इसलिए इस पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए। निष्पक्षता का ही प्रमाण है कि प्रेमचंद्रन को भी क्रमवार रूप से सरकार से सवाल पूछने का अवसर मिल रहा है। दरअसल बिरला की केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसद प्रेमचंद्रन से जुड़ी हुई उक्त टिप्पणियां बीते दिनों विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ सदन में पक्षपात करने, उन्हें बोलने का कम अवसर देने या सरकार के दबाव में विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास करने जैसे आरोपों के साथ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ से जुड़ी हुई हैं। जो लोकसभा में ध्वनिमत से खारिज हो गया था।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया को लेकर की टिप्पणी

प्रश्नकाल के दौरान सदन में उपस्थिति का मामला केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से जुड़ा हुआ है। सुबह 11 बजे कार्रवाई की शुरुआत के बाद उन्होंने अपने संचार मंत्रालय से जुड़े हुए जनप्रतिनिधियों के कई प्रश्नों का क्रमवार रूप से जवाब दिया। लेकिन कुछ देर बाद वह सदन से चले गए और सांसदों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए केंद्रीय संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मास्वामी खड़े हुए। तभी लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोकते हुए कहा कि मंत्री जी कहां हैं। जवाब में राज्य मंत्री ने कहा, उनकी कोई मीटिंग है, इसलिए वह मीटिंग में भाग लेने के लिए चले गए हैं। जिसे लेकर ओम बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मीटिंग नहीं प्रश्नकाल ही सबसे महत्वपूर्ण है। उनका इशारा साफ था कि सदन की कार्रवाई (प्रश्नकाल) में केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति हर हाल में बनी रहनी चाहिए। इससे पहले बीते 17 मार्च को लोकसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा को सांसदों के प्रश्नों का कम शब्दों में जवाब देने के लिए टोका था।

### 18 साल में पहली बार प्रॉफिट में बीएसएनएल

वहीं, पूर्व में सांसदों के प्रश्नों के जवाब में केंद्रीय संचार मंत्री ने बताया कि बीएसएनएल देश में पूर्ण रूप से स्थापित हो गई है। इतना ही नहीं कंपनी को बीते 18 वर्षों में पहली बार नेट प्रॉफिट भी हुआ है। जिसमें 2024-25 में प्रॉफिट का यह आंकड़ा कुल करीब 280 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। उपभोक्ताओं की संख्या 9 करोड़ 27 लाख तक पहुंच गई है।

### 99.9% में है 5जी की सुविध

सिंधिया ने सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल के सवाल के जवाब में कहा, कि देश में 99.9 फीसदी जिलों में 5जी की सुविधा है। वहीं, देश में मौजूद 120 करोड़ उपभोक्ताओं में से 40 करोड़ के पास ये सुविधा है। इसके अलावा 2014 में 42 फीसदी सीमावर्ती गांवों में टेलीकॉम सुविधा मौजूद थी। आज ये बढ़कर 98 फीसदी तक जा पहुंची है। 17 हजार 600 गांवों में से 17 हजार 222 गांवों में टेलीकॉम कनेक्टिविटी है। नियमों को शिथिल करने की वजह से मामले में काफी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की स्थिति देखें तो वहां सीमा पर 1 हजार 322 गांव हैं। जिनमें से 1 हजार 285 गांवों को कनेक्टिविटी दी है। जिसके तहत ये आंकड़ा 97 फीसदी तक पहुंच गया है। शेष बचे हुए 36 गांवों को फौजी सेचुरेशन योजना के तहत कवर किया जाएगा। इसके अलावा देश के 18 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में 705 वाइब्रेंट विलेज हैं। जिनमें से 684 गांवों में कनेक्टिविटी दी है।

### मोबाइल कचरे से मिलेंगे जटिल खनिज

वहीं, खान मंत्रालय से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी ने राज्य सरकारों से अपील की है कि वो अपने यहां होने वाले इलेक्ट्रॉनिक कचरे को फेंके नहीं। क्योंकि इससे जटिल खनिज निकाले जा सकते हैं।

मामले पर उन्होंने राज्यों के साथ ही आम जनता से भी अनुरोध किया कि वह अपने मोबाइल वेस्ट को फेंकने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को एकत्रित करने वाले डीलरों को सौंपे। जिसका भविष्य में प्रयोग (जटिल खनिजों) किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर अन- सोशल हुए तो ब्लॉक को होंगे प्राप्त...कंटेंट पर कड़े नियंत्रण की तैयारी

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर बढ़ते भ्रामक और खासकर एआई से तैयार किए गए गलत कंटेंट को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। इसके तहत सरकार गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों को सीधे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट ब्लॉक करने सूत्रों के अनुसार, फिलहाल सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69(ए) के तहत यह अधिकार केवल आईटी मंत्रालय के पास है। लेकिन अब इस दायरे को बढ़ाने के लिए अंतर-मंत्रालयी स्तर पर चर्चा चल रही है और आवश्यक संशोधन लाने की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव के लागू होने पर इंस्टाग्राम, फेसबुक, और यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स को विभिन्न सरकारी एजेंसियों से सीधे कंटेंट हटाने या ब्लॉक करने के आदेश मिल सकते हैं। इससे सोशल मीडिया पर निगरानी और नियंत्रण और सख्त हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इंटरनेट पर एआई-जनित भ्रामक जानकारी तेजी से फैल रही है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, कूटनीति और वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है। इसी को देखते हुए यह कदम जरूरी माना जा रहा है। चर्चा में यह भी शामिल है कि भविष्य में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे नियामक संस्थानों को भी सीधे टेक कंपनियों को कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार दिया जा सकता है। सेबी लंबे समय से सोशल मीडिया पर फाइनेंशियल इन्फ्लुएंसर्स द्वारा गलत जानकारी फैलाने के मुद्दे को उठा रहा है। वर्तमान में भारत में कंटेंट ब्लॉक करने के दो समानांतर तंत्र मौजूद हैं, लेकिन प्रस्तावित बदलाव से सरकार की विभिन्न एजेंसियों की भूमिका और अधिक व्यापक हो सकती है। इस कदम को सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और भ्रामक कंटेंट पर लगाम लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर बहस भी तेज हो सकती है।

### अभी ये है व्यवस्था

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69 (ए) के तहत ऐसे कंटेंट को हटाया जाता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन करता हो या भारत की विदेश नीति के लिए खतरा बनता हो। विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों में नियुक्त नोडल अधिकारी ऐसे कंटेंट की पहचान कर उसे आईटी मंत्रालय को भेजते हैं, जो अंतिम स्वीकृति देकर ब्लॉकिंग आदेश जारी करता है।

एक अन्य व्यवस्था आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) के तहत काम करती है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉकिंग आदेश जारी करने का अधिकार दिया गया है। यह प्रक्रिया आमतौर पर गृह मंत्रालय के नेतृत्व वाले 'सहयोग' पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है।

### अब नियंत्रण का होगा विकेंद्रीकरण

सरकारी सूत्रों के अनुसार, अब इस व्यवस्था में समानता लाने की कोशिश की जा रही है। जैसे 'सहयोग' पोर्टल के जरिए केंद्र और राज्य की एजेंसियां सीधे सोशल मीडिया कंपनियों को निर्देश भेज सकती हैं, उसी तरह धारा 69 (ए) की प्रक्रिया को भी विकेंद्रीकृत (डिसेंट्रलाइज) करने पर विचार हो रहा है। यह बदलाव ऐसे समय में प्रस्तावित है जब सरकार सोशल मीडिया कंपनियों पर तेजी से कंटेंट हटाने का दबाव बना रही है। हाल ही में कानून में बदलाव कर ब्लॉकिंग की समय-सीमा 24-36 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे कर दी गई है। हालांकि, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनकी कई पोस्ट, जो व्यंग्यात्मक या सरकार की आलोचना से जुड़ी थीं और जरूरी नहीं कि अवैध हों, उन्हें भी हटाया गया है। कंपनियां बढ़ते नियामकीय दबाव के चलते अपनी अनुपालन प्रणाली को और कड़ा कर रही हैं। विस्तृत रूप से, धारा 69 (ए) केंद्र सरकार को संप्रभुता, सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और अपराधों को रोकने के हित में इंटरनेट पर जानकारी तक पहुंच को सीमित करने का अधिकार देती है। यह प्रक्रिया सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने की प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 के तहत संचालित होती है।

आमतौर पर, कोई सरकारी एजेंसी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को अनुरोध भेजती है, जिसे एक समिति द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंटरमीडियरी को कंटेंट ब्लॉक करने के निर्देश दिए जाते हैं। आपात स्थिति में समीक्षा से पहले ही अंतरिम ब्लॉकिंग आदेश जारी किए जा सकते हैं।

केंद्र किसानों की आय दोगुनी करने ,एमएसपी से मुकर गई

# सांसद हेयर ने पंजाब के आरडीएफ के 8500 करोड़ जारी करने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संसद में रेलवे पर बोलने के लिए दो दिन रखे गए, लेकिन कृषि पर चर्चा के लिए मात्र कुछ समय रखकर अपने इरादे जाहिर कर दिए।

कृषि बजट में अन्य राज्यों का नाम तो है, लेकिन देश का पेट भरने वाले पंजाब का जिक्र भी नहीं किया गया। केंद्र सरकार पिछले 13 सालों से पंजाब का नाम तक नहीं लेती। पंजाब का डेढ़ प्रतिशत क्षेत्रफल है, लेकिन देश के गेहूं भंडार में 18 प्रतिशत और चावल भंडार में 12 प्रतिशत योगदान देता है। इसके बदले पंजाब ने अपनी उपजाऊ मिट्टी और भूमिगत पानी खो दिया। खादों के उपयोग से पंजाब कैंसर का घर बन गया। हरित क्रांति का पंजाब को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

मीत हेयर ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र किसानों की आय दोगुनी करने और हर फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी से मुकर गई है।

उन्होंने कहा कि पंजाब को गेहूं और चावल के फसल चक्र से बाहर निकालने के लिए फसल विविधीकरण हेतु विशेष पैकेज दिया जाए। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताते हुए लोकसभा सदस्य ने कहा कि अमेरिका में किसानों को औसतन 27 लाख रुपए की सब्सिडी मिलती है और भारत में केवल छह हजार रुपए। इस तरह हमारा किसान कैसे मुकाबला कर सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने खेती का सबसे ज्यादा नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा नुकसानदायक समझौता रद्द ही कर देना चाहिए। उल्टा अमेरिका हमें तेल खरीदने के लिए आदेश देता है।

केंद्र के पंजाब विरोधी रवैये का मुद्दा उठाते हुए मीत हेयर ने कहा कि केंद्र ने पंजाब का 8500 करोड़ रुपए का ग्रामीण विकास फंड रोका हुआ है और जिस कांग्रेस सरकार की गलतियों के कारण यह फंड रोका गया, उस समय के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह आज भाजपा में हैं। भाजपा नेता की गलतियों का खामियाजा वर्तमान पंजाब सरकार को भुगतना पड़ रहा है। सांसद ने किसानों और आढ़तियों के नाखून-मांस जैसे संबंध का जिक्र करते हुए आढ़तियों के कमीशन का मुद्दा भी उठाया।

# बेरोजगारी और संसदीय परंपराओं पर जयराम रमेश ने घेरा केंद्र सरकार को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल एक्स पर किए गए दो पोस्ट के जरिए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक ओर देश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर चिंता जताई, वहीं राज्यसभा की परंपराओं को लेकर भी सवाल उठाए। जयराम ने आरोप लगाया कि देश में शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा से बच रही है। उन्होंने अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 20 से 29 वर्ष के करीब 6.3 करोड़ ग्रेजुएट युवाओं में से 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं। केवल 7 फीसदी ग्रेजुएट युवाओं को एक साल के भीतर स्थायी नौकरी मिल पाती है। शिक्षा में युवाओं की भागीदारी में गिरावट दर्ज की गई है। आर्थिक दबाव के कारण बड़ी संख्या में युवा पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री युवाओं द्वारा रील बनाने को उपलब्धि बताते हैं, जबकि रोजगार का संकट गहरा रहा है।

### राज्यसभा परंपरा पर भी उठाए सवाल

दूसरे पोस्ट में रमेश ने राज्यसभा में विदाई समारोह का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त होने वाले सांसदों के लिए लगभग 6 घंटे का विदाई भाषण राज्यसभा में आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री भी शामिल हुए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के लिए उनके पद छोड़ने के 8 महीने बाद भी कोई विदाई भाषण की संसदीय परंपरा का निर्वाह नहीं किया गया। तय संसदीय परिपाटी, समारोह आयोजित नहीं किया गया। इस पर उन्होंने संसदीय परंपराओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

## बीज,खाद वपेस्टीसाइड माफिया पर शिकंजा, नया बीज और कीटनाशक कानून ला रही सरकार

# अधूरी सिंचाई और नदी जोड़ो प्रोजेक्ट हमारी सरकार में पटरी पर: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय पर हुई विस्तृत चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हितों, कृषि सुधारों, आधुनिक तकनीक, सिंचाई, बीमा, प्राकृतिक खेती और डिजिटल एग्रीकल्चर की चर्चा करते हुए उन्होंने विपक्ष के प्रश्नों के जवाब दिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों के नाम पर सिर्फ सियासी नारे और अर्द्धसत्यों से काम नहीं चलेगा। खेत–खलिहान की हकीकत पर बात करनी होगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सवाल ये होना चाहिए कि किसान के लिए ज़मीन पर क्या काम हुआ, कितना पैसा सीधे उसके खाते में पहुंचा और कौन सी व्यवस्था बदली।

### एमएसपी, सिंचाई और नदी जोड़ो: अधूरी विरासत को आगे बढ़ाने का दावा

चौहान ने याद दिलाया कि पिछली सरकार के समय 140 सिंचाई परियोजनाओं में से 99 परियोजनाएं दशकों से लटकी पड़ी थीं, जिन पर कोई काम आगे नहीं बढ़ रहा था। मोदी सरकार ने इन्हें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत प्राथमिकता दी और लगभग 27 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचित क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में तेज़ी से काम बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 'नदी जोड़ो' (रिवर लिंकिंग) ड्रीम प्रोजेक्ट भी वास्तव में मोदी सरकार के दौरान आगे बढ़ा, जहां कैन-बेतवा जैसी परियोजनाएं मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ते हुए बाढ़–सूखे की समस्या का दीर्घकालिक समाधान देने के लिए शुरू की गईं।

### गुणवत्तापूर्ण बीज-कीटनाशक: किसान के साथ छल नहीं होने देंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सिर्फ 500 या 1000 रुपए की घोषणा से किसानों का भला नहीं होगा, असली सवाल है कि बीज, खाद और कीटनाशक की गुणवत्ता क्या है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार नया कीटनाशक एक्ट और बीज एक्ट लाने जा रही है जिसमें किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, मानक खाद, और सुरक्षित व प्रभावी कीटनाशक सुनिश्चित किए जाएंगे। चौहान ने बताया कि सरकार ने स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया है कि कोई भी बायो–स्टिम्यूलेंट तभी बाज़ार में बिकेगा जब कम से कम आईसीएआर के संस्थानों/कृषि विश्वविद्यालयों में तीन स्वतंत्र परीक्षण यह प्रमाणित कर दे कि उसका लाभ है। उन्होंने कहा कि लगभग 8000 उत्पादों में से केवल लगभग 500 ही मानकों पर खरे उतरे हैं, बाकी को अनुमति नहीं दी गई। यह संदेश देते हुए कि मोदी सरकार किसानों के साथ धोखा करने वालों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है।

डिजिटल क्रांति: 9 करोड़ किसान आईडी और 'भारत विस्तार' एआई प्लेटफॉर्म

चौहान ने बताया कि डीजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अब तक लगभग 9 करोड़ किसान आईडी तैयार की जा चुकी हैं। किसान के पास किसान-आईडी होने पर बैंक में लोन स्वीकृत होने में 'एक मिनट' से ज़्यादा नहीं लगना चाहिए क्योंकि उसकी पूरी प्रोफाइल, जमीन, फसल और लेनदेन का डेटा डिजिटल रूप से उपलब्ध होगा। पहले किसान को बैंक के चक्कर काटने पड़ते थे, फाइलों-कागज़ों में पैसा और समय दोनों खर्च होते थे, अब यह बाधा डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और एग्री–स्टैक डेटा के उपयोग से पीएम किसान से लेकर एमएसपी खरीद तक हर योजना में किसानों को लक्षित और पारदर्शी लाभ मिलेगा।

वित्त मंत्री की घोषणा का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार ने 'भारत विस्तार' नामक एआई प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया है: किसान खेत से फसल की तस्वीर भेजकर या फोन करके पूछ सकेंगे कि 'फसल में क्या बीमारी है, क्या दवा डालूं, मेरी मिट्टी के मुताबिक कौन सी फसल बोऊं?' उसे उसकी अपनी भाषा में त्वरित सलाह मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने इसे किसान के हाथ में विशेषज्ञ-सलाह और तकनीक का नया हथियार बताया जो मोदी सरकार के 'टेक–ड्रिवन किसान कल्याण मॉडल' का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में खरीदी 20 एकड़ जमीन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी, जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा, 'कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपए है।'

### अमारा राजा का रक्षा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में प्रवेश

**मुंबई।** अमारा राजा डिजाइन अल्फा (एआरडीए) ने मिशन-क्रिटिकल रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की।




यह अमारा राजा समूह की विशेषीकृत इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कंपनी है। कंपनी के अनुसार, उसने नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए स्वदेशी पावर कंडीशनिंग कैबिनेट (पीसीसी) विकसित किया है। वह अगले चरण में पावर एम्प्लीफायर, सिग्नल इंटरफेस एवं पावर एम्प्लीफायर कैबिनेट के डिजाइन तैयार करेगी।

# स्पीड का नया बादशाह, ऑडी ने भारत में लॉन्च की 4.1 सेकंड वाली दमदार कार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑडी ने भारत में ऑडी SQ8 लॉन्च की है। यह कंपनी के भारतीय पोर्टफोलियो में फ्लैगशिप मॉडल के तौर पर शामिल है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,77,72,000 रुपए से शुरू होती है। यह एसयूवी कंपनी की स्टैंडर्ड क्यू8 और इसके टॉप-टियर मॉडल, आएस क्यू8 के बीच आती है। इस नई गाड़ी के साथ, ऑडी उन ग्राहकों को टारगेट कर रही है, जो एक दमदार वी8 इंजन चाहते हैं, लेकिन जिन्हें आएस मॉडल्स जैसी जबरदस्त पावर आउटपुट की ज़रूरत नहीं है। इंटीरियर की बात करें तो, इसका केबिन लग्ज़री और स्पोर्टीनेस का एक बेहतरीन मेल है। केबिन में घुसते ही, आपको तुरंत प्रीमियम लेदर अपहोल्स्ट्री का भरपूर इस्तेमाल नज़र आएगा, जो इंटीरियर को सचमुच एक शानदार एहसास देता है। इसके अलावा, स्टीयरिंग व्हील और सीटों पर 'एस' बैज साफ़ तौर पर दिखाई देते हैं, जो लगातार इस बात की याद दिलाते रहते हैं कि यह गाड़ी कितनी हाई-परफॉर्मेंस वाली है। इसमें ऑडी का सिग्नेचर डुअल-स्क्रीन सेटअप है, जिसमें 10.1-इंच का इंफ़ोटेनमेंट डिस्प्ले लगा है, जिसके नीचे एक दूसरी टचस्क्रीन है, जिसका इस्तेमाल क्लाइमेट और गाड़ी की सेटिंग्स को कंट्रोल करने के लिए किया जाता है। ड्राइवर को 12.3-इंच का पूरी तरह से डिजिटल ऑडी वर्चुअल कॉकपिट दिया गया है।

## भारतीय पोर्टफोलियो में फ्लैगशिप मॉडल के तौर पर शामिल

### इंजन और परफॉर्मेंस

ऑडी SQ8 में 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 पेट्रोल इंजन लगा है, जो 507 बीएचपी की पावर और 770 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स है, जो ऑडी के सिग्नेचर ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम के साथ आता है। यह एसयूवी सिर्फ 4.1 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटे की रफ़्तार पकड़ लेती है, जिससे यह एक बेहद तेज और हाई-परफॉर्मेंस वाली गाड़ी बन जाती है।



### कई स्पोर्टी बदलाव किए गए

दिखने में, ऑडी एसक्यू8 क्यू8 के कूप-स्टाइल एसयूवी लुक को बरकरार रखती है, हालाँकि इसमें कई स्पोर्टी बदलाव भी किए गए हैं। इसके आगे के हिस्से में एक बड़ी ग्रिल और मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स हैं। बंपर में बड़े एयर इनटेक दिए गए हैं, जो गाड़ी को ज़्यादा दमदार लुक देते हैं। इसके साइड प्रोफ़ाइल और पिछले हिस्से पर सिल्वर रंग के एलिमेंट्स इसे और भी आकर्षक बनाते हैं। यह गाड़ी बड़े अलॉय व्हील्स पर चलती है, जिनका साइज 21 से 23 इंच के बीच होता है। कुल मिलाकर, हालाँकि इस एसयूवी का लुक स्पोर्टी है, लेकिन यह आरएस क्यू8 जितनी आक्रामक नहीं दिखती।

## सेंसेक्स 76,704.13 और निफ्टी 23,777.80 अंक पर हुआ बंद

# बाजार में बुल्स का दबदबा बरकरार, तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 633 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आईटी और रियल्टी शेयरों के समर्थन से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। इस दौरान, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत या 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.83 प्रतिशत या 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ।

### टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक के शेयर में तेजी

निफ्टी50 इटरनल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, एक्सिस बैंक, इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। जबकि, सिप्ला, एचयूएल, कोल इंडिया, एनटीपीस, सनफार्मा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स और हिंडाल्को के शेयर सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाले शेयरों में शामिल रहे।

## शेयर बाजार में तेजी के कारण

### पहला कारणः विदेशों से पॉजिटिव सिग्नल

शेयर बाजार में तेजी के पीछे पहले कारण की बात करें, तो विदेशों से मिले पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों का असर सेंसेक्स निफ्टी पर देखने को मिला है। एशियाई बाजारों में शुरुआत से ही तेजी देखने को मिली है। साउथ कोरिया का कोस्पी करीब 4% से ज्यादा चढ़ा था, तो वहीं जापान का निक्की भी 2% से ज्यादा उछाल के साथ कारोबार कर रहा था।



### दूसरा कारणः आईटी स्टाक में खरीदारी

बाजार उछलने के पीछे आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी भी बड़ी वजह मानी जा रही है। इस सेक्टर में जबर्दस्त वैल्यू बाइंग देखने को मिल रही है। तमाम ब्रोकरेज द्वारा एंथ्रोपिक, ओपनएआई से जुड़ा चिंताओं को खारिज किए जाने के बाद आईटी शेयरों में जोरदार उछाल आया है और बाजार का सपोर्ट मिला है।

### तीसरा कारणः कच्चे तेल की स्थिर कीमतें

शेयर मार्केट में तेजी के पीछे के तीसरे कारण की बात करें, तो कहीं न कहीं युद्ध के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता को भी माना जा सकता है। वैश्विक कच्चा तेल मूल्य 100 डॉलर के आस-पास ही स्थिर नजर आ रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है अनिश्चितता के दौरान भी क्रूड में ये स्थिरता बाजारों में तेजी ला रही है।

### समग्र बाजार में रही तेजी

बुधवार के सत्र में भी समग्र बाजार में तेजी देखने को मिली। व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया और निफ्टी मिडकैप में 2.02 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.67 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी मीडिया (3.35 प्रतिशत की उछाल), निफ्टी आईटी (2.78 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी रियल्टी (2.75 प्रतिशत की तेजी) सबसे अधिक लाभ कमाने वाले इंडेक्स रहे। इसके अलावा, निफ्टी ऑटो में 1.92 प्रतिशत, निफ्टी बैंक में 0.82 प्रतिशत और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.79 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जबकि निफ्टी एफएमसीजी में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

### मार्केट कैप में 5 लाख करोड़ की वृद्धि

सेंसेक्स में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में लगभग 5 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे यह पहले के 433 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 438 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया।

# सेबी ने लगाया 18 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ का जुर्माना

## 5 साल तक बाजार से बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपए के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।




### ट्रेडिंग का भ्रामक माहौल बनाने और कीमत में हेरफेर

आदेश में कहा गया कि संजय अरुणकुमार चोकसी सहित नोटिस पाने वाले, संख्या एक से छह तक के लोग शेयर में 'ट्रेडिंग' का भ्रामक माहौल बनाने के साथ-साथ शेयर की कीमत में हेरफेर करने में भी शामिल थे। बाजार नियामक संस्था ने पाया कि संजय चोकसी के नेतृत्व वाले चोकसी समूह ने हेराफेरी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि चोकसी अब आरजीआरएल के प्रवर्तक नहीं थे। फिर भी कंपनी पर उनका ही नियंत्रण बना रहा क्योंकि सभी वैधानिक भुगतान उनके खाते से ही प्राप्त हो रहे थे।

# एलन में जेईई-नीट बैच की तिथियों की घोषणाएं

**कोटा।** बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।।मुख्य रूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई, कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे।




ऊपर वाले से मिला वरदान मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरु कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वैश्विक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। बुधवार को कीमतों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.40 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 2.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 100.99 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था। अंतराराष्ट्रीय बाजारों के साथ भारतीय बाजारों में भी कच्चे तेल में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर कच्चे तेल का 20 अप्रैल का कॉन्ट्रैक्ट 2.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,621 रुपए पर था।




## जेन ज़ी और मिलेनियल्स अब पहले से जल्दी खरीद रहे घर, गुरुग्राम बना पसंदीदा बाजारः कोटक

**गुरुग्राम।** कोटक महिंद्रा बैंक का कहना है कि बेहतर होती कनेक्टिविटी, लोन की तेज़ प्रक्रिया और घरों की संतुलित सप्लाई ने नए खरीदारों का भरोसा मजबूत किया है। इसका नतीजा यह है कि जेन ज़ी और युवा अब पहले से कहीं जल्दी घर खरीदने का फैसला ले रहे हैं। द्वारका एक्सप्रेसवे पर लगातार होती प्रगति और 28.5 किलोमीटर लंबे गुरुग्राम मेट्रो विस्तार ने नए इलाकों को लेकर लोगों की झिझक कम की है, जिससे खरीदार अब अधिक भरोसे के साथ निवेश कर रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के हाउसिंग फाइनेंस बिजनेस हेड, मनु सिंह ने कहा, देश में घर खरीदने वालों की उम्र लगातार कम हो रही है। अब लोग पहले की तुलना में कम उम्र में ही घर खरीदने का फैसला ले रहे हैं। कोटक से होम लोन लेने वाले ग्राहकों की औसत उम्र अब घटकर 32 साल रह गई है, जो पाँच साल पहले लगभग 36 साल थी।

## एयरलाइंस के मनमानी चार्ज पर लगेगी लगाम

# सरकार ने 60% सीटें फ्री रखने का विमानन कंपनियों को दिया आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने विमानन कंपनियों से घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने को कहा है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय के प्रयासों के तहत यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि एक ही 'पीएनआर' (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को उड़ान में साथ बैठाया जाए। इन कदमों की घोषणा करते हुए मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### केवल 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क के बुक

*विमानन कंपनी के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क के बुक की जा सकती हैं जबकि बाकी सीट के लिए भुगतान करना पड़ता है। मंत्रालय ने कहा, ' एक ही 'पीएनआर' पर यात्रा करने वाले यात्रियों को साथ बैठाया जाए या आस-पास की सीट दें।' अधिकारी ने बताया कि ये निर्देश घरेलू उड़ानों पर लागू होंगे। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों द्वारा अधिक शुल्क वसूलने को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।*

### परिवारों के लिए साथ बैठने की व्यवस्था

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा,' 60 प्रतिशत सीट बिना शुल्क, परिवारों के लिए साथ बैठने की व्यवस्था और खेल उपकरण, संगीत वाद्ययंत्र एवं पालतू जानवरों के परिवहन के लिए स्पष्ट तथा पारदर्शी नियम।' मंत्री ने बताया कि देरी और टिकट रद्द कराने की स्थिति में भी यात्री अधिकारों के प्रवर्तन को मजबूत किया जाएगा।

### हर जगह दिखेंगे यात्रियों के अधिकार

अब एयरलाइंस को अपने वेबसाइट, मोबाइल ऐप, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म और एयरपोर्ट काउंटर पर यात्रियों के अधिकार स्पष्ट रूप से दिखाने होंगे। साथ ही इन जानकारियों को क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे समझ सकें।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सं0 46265071 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | CUMMINS ENGINE MODEL: NTA 855R SUITABLE FOR USE IN 08 WHEELER DETC TOWER WAGON (SO 60042) |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 27869526.52/- |
| 3. | मात्रा | 04 नग |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समयः | 30-04-2026 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 30-04-2026 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणीः (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है। एनआईटी सं. 46265071 दिनांक :- 17.03.2026
930/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6169




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6168 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | ड़ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |



# प्रदेश के खिलाड़ी खेल मानचित्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे : मेजर सत्यपाल सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026 बुधवार से शुरू हुई। चार दिवसीय टूर्नामेंट में हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए युवा खिलाड़ी ताकत, तकनीक और जोश से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित की जा रही है। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि इन गेम्स का उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच देना और उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की भावना विकसित करना है। हरियाणा के खिलाड़ी देश के खेल मानचित्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और आने वाले समय में ओलंपिक खेलों में राज्य की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। संघ की ओर से खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर कोचिंग और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। बतौर मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी एसीपी जयभगवान और अर्जुन अवार्डी एसीपी दिनेश ने शिरकत की। एसीपी जयभगवान ने कहा कि बॉक्सिंग जैसा खेल युवाओं में आत्मबल और निडरता का संचार करता है। एसीपी दिनेश ने कहा कि हरियाणा खेलों की भूमि है और यहां के खिलाड़ी न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और उनमें अनुशासन व आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

## चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी





## यूथ पुरुष : सुमित ने शुभम को हराया

▶▶| 47-50 किलोग्राम भारवर्ग में विनीत कुमार साई एच ने फरीदाबाद के उत्कर्ष सैनी को हराया। सोभित कुमार अंबाला ने सोनीपत के मानशु को, दीपांशु चरखी दादरी ने पंचकूला के लकी को और सुमित रोहतक बी ने झज्जर के शुभम को मात दी। विशाल पलवल ने गुरुग्राम के यशबीर को, आदित्य यमुनानगर ने पानीपत के अरुण को और अंकुश कुरुक्षेत्र ने भिवानी के आकाश को पराजित किया।

▶▶| 50-55 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम पानीपत ने सिरसा के बलविंदर को, कृष्णा पंचकूला ने मेवात के राजीव को और आशीष साई रोहतक ने महेंद्रगढ़ के प्रियांशु को हराया। अभिनव जींद ने हिसार के अंकुश को, कार्तिक कैथल ने कुरुक्षेत्र के हर्षित को, अजय कुमार सोनीपत ने यमुनानगर के कुणाल को और जतिन रेवाड़ी ने अंबाला के वंश को शिकस्त दी। कुलजीत भिवानी ने फतेहाबाद के कुणाल को, मयंक चरखी दादरी ने करनाल के अक्षय कुमार को और तनीष फरीदाबाद ने गुरुग्राम के जीशान को हराया।

▶▶| 55-60 किलोग्राम भारवर्ग मेंकृष्णा कुरुक्षेत्र ने महेंद्रगढ़ के अखिल को, बादल सिंह फतेहाबाद ने रोहतक बी के भेदित मोर को और मयंक नरवाल करनाल ने मेवात के प्रतीक को मात दी। जय पानीपत ने यमुनानगर के प्रियांशु को, कर्ण मलिक सोनीपत ने रोहतक के प्रिंस कुमार को और साहिल मोर साई, हिसार ने चरखी दादरी के मोहित को हराया। सेवांशु झज्जर ने कैथल के जशन को, मोहित गुरुग्राम ने जींद के जतिन को और ध्रुव रेवाड़ी ने अंबाला के वरुण को पराजित किया।

▶▶| 60-65 किलोग्राम भारवर्ग में प्रीत सिद्धू फरीदाबाद ने अंबाला के रोहित राणा को, प्रिंस गुरुग्राम ने कुरुक्षेत्र के सावन को और कुश रोहतक बी ने पलवल के कुणाल को हराया। विशेष झज्जर ने यमुनानगर के अभिनव को, ध्रुव सोनीपत ने महेंद्रगढ़ के मयंक को मात दी। 65-70 किलोग्राम भारवर्ग में हिमांशु अंबाला ने फतेहाबाद के कोशल को और वरुण शर्मा फरीदाबाद ने पलवल के प्रिंस को मात दी।

▶▶| 70-75 किलोग्राम भारवर्ग में रोहित पलवल ने अंबाला के विनायक को और कुणाल गुरुग्राम ने रेवाड़ी के ओम प्रकाश को हराया।

## यूथ महिला नेहा ने नैन्सी को हराया

▶▶| 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में नेहा महेंद्रगढ़ ने यमुनानगर की नैन्सी को और साक्षी सोनीपत ने सिरसा की अनु को हराया। अंकिता झज्जर ने फरीदाबाद की दिव्यांशी को, अंशुल कुरुक्षेत्र ने फतेहाबाद की ज्योति को, निष्ठा तंवर कैथल ने पानीपत की कृतिका को, वंशिका रोहतक ने मेवात की पायल को और निधि भिवानी ने चरखी दादरी की तमन्ना कुमारी को हराया।

▶▶| 48-51 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में गरिमा हिसार ने रेवाड़ी की एतिका को, कृतिका मेवात ने चरखी दादरी की निशा को, स्नेहा कुरुक्षेत्र ने रोहतक बी की रमनजोत को, निशु करनाल ने पानीपत की पायल को, अंजलि साई हिसार ने यमुनानगर की काफी को और सिमरन रोहतक ने सिरसा की प्रियंका को पराजित किया।

▶▶| 51-54 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में जैस्मिन अंबाला ने झज्जर की दीक्षा को, महक रोहतक बी ने चरखी दादरी की शिखा को, निशु रोहतक ने सोनीपत की झानवी को, महक कुरुक्षेत्र ने पानीपत की तनीषा को मात दी।

▶▶| 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में कंचन गुरुग्राम ने पलवल की परी कुंतल को, चाहत फरीदाबाद ने पंचकूला की सिद्धि जैन को और मनप्रीत फतेहाबाद ने रोहतक की श्रुति को हराया।

▶▶| 60-65 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में वंशिका यादव हिसार ने पानीपत की तमन्ना को पराजित किया।

## खबर संक्षेप

### भारत को थॉमस और उबेर कप में मिले मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने ड्रॉ की घोषणा की। थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था।

### अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दुर्गेश्वर ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के दुर्गेश्वर सिंह ने यूनान के एथेंस में आयोजित छठी एक्रोपोलिस अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल सिंह ने 90 किग्रा वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

### शीर्ष-10 का सफर अधिक मुश्किल : अनाहत

**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं, जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने कहा, 'मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था, जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।'

### भारतीय पुरुष टीम वेल्स के खिलाफ विश्व कप की शुरुआत करेगी

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 15 अगस्त को नीदरलैंड्स के एम्स्टेलवीन में होने वाले एफआईएच विश्व कप के अपने पहले मैच में वेल्स का सामना करेगी। वेल्स के बाद भारत 17 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगा। उसके बाद 19 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड्स और बेल्जियम में एफआईएच पुरुष और महिला विश्व कप दोनों एक साथ आयोजित किए जाएंगे।

## आईपीएल 2026: कमिंस की अनुपलब्धता के कारण किशन को मिली जिम्मेदारी

# इशान को मिली सनराइजर्स की कमान चोटिल कमिंस शुरुआती मैचों से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 10 दिन में होनी है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने शुरुआत कुछ मैचों के लिए इशान किशन को कप्तान बनाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण इशान को यह जिम्मेदारी मिली है, जबकि अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान बनाया गया है। कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

### चोट से उबर रहे कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस की अनुप्लब्धता में इशान को कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए कहा, 'पैट कमिंस चोट से ठीक होने के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह उबर नहीं हो जाते, इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप-कप्तान होंगे।' आईपीएल 2028 की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।



### चिन्नास्वामी में होगा इशान की कप्तानी का डेब्यू

इशान किशन का आईपीएल में कप्तानी का डेब्यू बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इशान कितने मैचों में कप्तानी करेंगे यह अभी साफ नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने यह जानकारी नहीं दी है कि पैट कमिंस कितने मैचों तक अनुपलब्ध रहेंगे। इशान किशन को पिछले साल मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी की थी और पहले ही मैच में शतक जड़ा था। हालांकि, इसके बाद उनका बल्ला नहीं चला। उन्होंने सीजन में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 354 रन बनाए। उनका औसत 35.40 और स्ट्राइक रेट 152.59 का रहा था।

### इशान की भारतीय टीम में वापसी

इशान किशन के लिए बीते कुछ महीने शानदार रहे हैं। इशान ने दिसंबर में अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। इशान ने फाइनल में शतक जड़ा था। इसके बाद उनकी भारत की टी20 टीम में वापसी हुई। वह टी20 वर्ल्ड कप भी खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरी ही सीजन में मिली कप्तानी


आईपीएल 2026 ईशान किशन का सनराइजर्स हैदराबाद के साथ दूसरा सीजन होगा। इसके बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके पीछे उनकी हालिया कप्तानी सफलता को भी बड़ी वजह माना जा रहा है। किशन ने घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए पिछले सीजन टीम को खिताब जिताया था।

### जुलाई 2025 से कमिंस मैदान से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की बात करें तो वे पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। जुलाई 2025 से कमिंस इंजर्ड हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू एशेज टेस्ट सीरीज़ के दौरान सिर्फ तीसरा टेस्ट मैच खेला था। दिसंबर के बाद वे फिर बाहर हो गए और तब से रिकवरी कर रहे हैं। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया में रिहैब कर रहे हैं और आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण को मिस कर सकते हैं।

## क्रिकेट

# पंजाब किंग्स टीम को लेट ज्वाइन करेंगे यानसेन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था, जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में हुई देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी। यह देरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दुबई और अबु धाबी जैसे बड़े हवाई अड्डों पर सीमित उड़ानों की वजह से हुई थी।

### यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे

पंजाब किंग्स टीम के अहम सदस्य यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग और अधिकतर विदेशी खिलाड़ी 21 मार्च को टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई 23 मार्च को काबुल से टीम के साथ जुड़ेंगे। उनका देश इस समय पाकिस्तान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। पंजाब किंग्स के साथ अपने पहले ही साल में पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पिछले सत्र में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। यह 2014 के बाद टीम का पहला फाइनल था। एक सूत्र ने बताया, ' रिकी अपने खिलाड़ियों का पूरा साथ देते हैं। यह देखते हुए कि मार्को भारत से देर से रवाना हुए थे, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का पूरा मौका मिलना चाहिए।' इस लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पिछले सत्र में 9.20 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट लिए थे। अय्यर के 19 मार्च को टीम के साथ जुड़ने की उम्मीद है।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारतीयों का जलवा, संजू-तिलक को फायदा, अभिषेक नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से विश्व कप खत्म होने के बाद दूसरे हफ्ते भी रैंकिंग अपडेट कर दी गई हैं। ताजा रैंकिंग में भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा है। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कमाल दिखाया है। अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर बरकरार हैं और इशान किशन भी दूसरे नंबर पर हैं। साथ ही तिलक वर्मा और संजू सैमसन को एक-एक स्थान का फायदा हो गया है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती दूसरे पर ही हैं।

वनडे टीम रैंकिंग में बांग्लादेश अब 10वें से 9वें स्थान पर आ गई है। अगर टी20 के नंबर 1 गेंदबाज की बात करें तो राशिद खान नंबर 1 पर काबिज हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह नंबर 6 से नंबर 5 पर आ गए हैं। वहीं बल्लेबाजी में तिलक वर्मा अब 7वें से छठे और संजू सैमसन 22वें से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### ऑलराउंडर्स में सिकंदर रजा टॉप पर



टॉप 10 गेंदबाजों में वरुण और बुमराह ही सिर्फ भारत की तरफ से मौजूद हैं। वहीं टॉप 10 बल्लेबाजों में अभिषेक, इशान, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके अलावा टॉप 10 ऑलराउंडर्स में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा टॉप पर हैं। भारत के एकमात्र हार्दिक पंड्या टॉप 10 में मौजूद हैं और दूसरे स्थान पर हैं।

### टीम रैंकिंग में भारत नंबर 1 पर काबिज

टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर काबिज है। पाकिस्तान को सीरीज हराकर बांग्लादेश अब वनडे टीम रैंकिंग में 10वें से 9वें स्थान पर पहुंची। जबकि पाकिस्तान चौथे पर ही मौजूद है। वेस्टइंडीज अब वनडे में 10वें नंबर की टीम बन गई है। इसके बाद आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी विंडीज की चिंता बढ़ गई है

## वाडा ने ट्रंप पर संभावित प्रतिबंध पर फैसला विश्व कप के बाद तक टाला

**मांट्रियल (कनाडा)।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोकने के फैसले को इस साल होने वाले विश्व कप के बाद तक टाल दिया है। इससे ट्रंप और अन्य अधिकारियों के साथ संभावित टकराव कम से कम विश्व कप तक टल गया है। वाडा एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है जो ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। इस नियम का मूल आधार अमेरिकी सरकार का वाडा के वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं करना है। वाडा की कार्यकारी समिति की बैठक हुई और उसने कहा कि वह सितंबर में इस नए नियम पर विचार करेगी और यह विश्व कप खत्म होने के दो महीने बाद होगा। अमेरिका विश्व कप की मेजबानी कनाडा और मेक्सिको के साथ मिलकर कर रहा है। अगर इस साल के आखिर में ऐसा कोई नियम अपनाया जाता है तो यह संभवतः 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले लागू हो जाएगा। अगर यह सिलसिला जारी रहता है तो नया नियम ट्रंप और अमेरिकी सांसदों को उनके अपने ही देश में होने वाले खेलों के लिए प्रतिबंध की सूची में डाल सकता है। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

## हंपी असमंजस में, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भागीदारी पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेने को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति में हैं और उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं को फिर से दोहराया है।



विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है। हंपी ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने अपना समर्थन दिया है। जो लोग इस स्थिति की संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते मैं उनके लिए बात यहीं छोड़ देती हूं।'

## ओरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट

# श्रीकांत बाहर, खरब और तन्वी अगले दौर में पहुंचे

**ओरलियंस (फ्रांस) (भाषा)।** भारत के किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि अनमोल खरब और तन्वी शर्मा महिला एकल वर्ग में राउंड 16 में पहुंच गईं। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से 12-21, 10-21 से पराजित हो गए जबकि खरब ने तुर्की की नेस्लिहान अरिन के खिलाफ 21-12, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की।

तन्वी भी अगले दौर में पहुंच गईं। थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग ने चोट के कारण 21-18, 14-12 के स्कोर पर मैच से हटने का फैसला किया। दूसरी ओर रक्षिता रामराज जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ पहले दौर में 9-21, 15-21 से हार गईं।

## महिला एशियाई कप : खिताब के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और जापान

# जापान ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जापान की महिला फुटबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा, जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई।

पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से टीम का तीसरा गोल किया।



### 21 मार्च को सिडनी में फाइनल मुकाबला

फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है। वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।




इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज का दावा

# आईडीएफ हमले में मारे गए ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब

**काट्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी**





इस्माइल खतिब

» रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद

» ट्रंप बोले- ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर देंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक बयान जारी कर दावा किया है कि ईरान के एक और शीर्ष नेता की हवाई हमले में मौत हो गई है। उनके अनुसार, मंगलवार रात हुए हमले में खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब मारे गए।

हालांकि, ईरान ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। काट्ज ने कहा है कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद है। उन्होंने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि ईरान और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज हो जाएगी। काट्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है, जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

## 1 रोज के हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता लगातार कमजोर कर रहे

## 2 लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई और तेज करेगा इजराइल


ईरान द्वारा इजराइल के रमत गन में किए हमले में क्षतिग्रस्त घर

### ईरान की सैन्य क्षमता सीमित कर रहे

इजराइल ने कहा है कि वह ईरान की सैन्य क्षमता को लगातार कमजोर कर रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रखेगा। इजराइली सेना के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नदव शोशानी ने कहा कि ईरान अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है, लेकिन इजराइल यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसकी क्षमता सीमित हो जाए। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ईरान जो कर सकता है, वह बहुत ज्यादा न हो और हम उसकी क्षमताओं को अधिकतम हद तक खत्म करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।

### ईरान दुनिया का नंबर-1 राज्य प्रायोजित आतंकी



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने कहा कि मैं सोच रहा हूं कि अगर हम आतंकी ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर दें और उस तथाकथित स्ट्रेट की जिम्मेदारी उन देशों को सौंप दें जो इसका इस्तेमाल करते हैं (हम नहीं करते) तो क्या होगा? इससे हमारे कुछ गैर-प्रतिक्रियाशील सहयोगियों को तेजी से सक्रिय हो जाना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि याद रखो, उन सभी बेवकूफों के लिए जो बाहर बैठे हैं- ईरान को हर कोई दुनिया का नंबर वन राज्य प्रायोजित आतंकवादी मानता है। हम तेजी से उन्हें कारोबार से बाहर कर रहे हैं!

### 2.6 लाख भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी

भारत सरकार ने बताया कि 28 फरवरी से अब तक करीब 2.6 लाख यात्री उस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया जारी है। सरकार ने साफ किया है कि फ्लाइट सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं और स्थिति पहले से बेहतर है। यूएई से भारत के लिए बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित हो रही हैं। साथ ही भारतीय दूतावास जरूरतमंद लोगों, खासकर छात्रों की मदद कर रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई के विभिन्न एयरपोर्ट से रोजाना बड़ी संख्या में फ्लाइट्स भारत आ रही हैं।

### अमेरिका ने ईरान पर भारी बमों से हमला किया

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार अमेरिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तट पर स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के कई डीप पेनिट्रेटर मूनिशन्स (गहरे भेदक हथियार) का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। सेंट्रल कमांड ने यह भी स्पष्ट किया कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रही थीं। यह कार्रवाई संभवतः क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

## युद्ध रोकने के लिए अमेरिका को देना होगा हर्जानाः अराघची



शीर्ष नेताओं की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि किसी एक नेता के जाने से ईरान की राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक संरचना पर कोई असर नहीं पड़ेगा और देश अपनी नीतियों व रणनीतियों के साथ आगे बढ़ता रहेगा। इस पूरे संघर्ष के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को इसके मानवीय और आर्थिक नुकसान की जवाबदेही लेनी होगी। मौजूदा युद्ध तभी समाप्त हो सकता है जब ईरान को हुए नुकसान की भरपाई की जाए और उसकी संप्रभुता का सम्मान किया जाए।

### व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है

अराघची ने कहा कि व्यवस्था व्यक्ति से बड़ी होती है और ईरान इसी सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि ईरान की सरकार और संस्थाएं अपने कामकाज में पूरी तरह सक्षम हैं और देश के सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को लेकर ईरान पर लगाए जा रहे आरोप राजनीतिक हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि वर्तमान परिस्थितियों में ईरान इस मार्ग से अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक ऊर्जा आपूर्ति नहीं होने देगा।

### जंग खत्म करने के लिए कोशिश करते रहेंगेः चीन

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनका देश लड़ाई खत्म करने के लिए लगातार कोशिश करता रहेगा। बीजिंग में यूएई के राष्ट्रपति के विशेष दूत के साथ बैठक के दौरान वांग ने कहा कि यह युद्ध कभी होना ही नहीं चाहिए था। इसे जारी रखने का भी कोई कारण नहीं है। उन्होंने यूएई की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए भी अपना समर्थन जताया।

### रूस ने लारिजानी की हत्या की निंदा की



रूस ने ईरान के वरिष्ठ नेता अली लारिजानी की हत्या की कड़ी निंदा की है। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश के नेतृत्व को निशाना बनाना गलत है और इस तरह की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस उन सभी कदमों की निंदा करता है, जिनका मकसद किसी देश के नेताओं को नुकसान पहुंचाना या उन्हें खत्म करना हो।

### ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला

इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी ईरान के बुशेहर प्रांत में गैस इंफ्रास्ट्रक्चर पर एयरस्ट्राइक की है। यह हमला दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में से एक साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़ी सुविधाओं पर किया गया। ईरानी सैन्य अधिकारियों ने प्रतिक्रिया में कहा कि अब उन दुश्मन के इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। ईरान ने दक्षिणी शहर असालुयेह और साउथ पार्स गैस फील्ड पर हुए हमलों को वॉर क्राइम करार दिया है और कहा है कि यह कार्रवाई बिना जवाब के नहीं छोड़ी जाएगी।

### इजराइली हमले में लेबनान में 12 लोगों की मौत, 41 घायल

लेबनान में इजराइल के हमले में 12 लोगों की मौत हो गई है और 41 लोग घायल हुए हैं। यह हमला शहर के केंद्रीय इलाके में हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जिससे हताहतों की संख्या ज्यादा होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमले में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इजराइली लड़ाकू विमानों ने देइर एज-जहरानी कस्बे को निशाना बनाया, जहां एक स्कूल और एक रेस्टोरेंट के पास हमला हुआ।

### इजराइली हमले में ईरान में 7 की मौत

ईरान के लोरिस्तान प्रांत में इजराइल के हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए। यह जानकारी प्रांत के सुरक्षा उप-गवर्नर ने दी है। हमले में रिहायशी, नागरिक और घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया गया। इससे पहले इसी प्रांत के चेगेनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी।

### 130 ईरानी मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराएः बहरीन

बहरीन ने दावा किया है कि उसने ईरान के हमलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 130 मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन डिफेंस फोर्स के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने जंग शुरू होने के बाद से लगातार हो रहे हमलों को सफलतापूर्वक रोका है।

---

रक्षा क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

## पोखरण में पहली बार निजी कंपनी ने की पिनाका रॉकेट की सफल टेस्टिंग

एजेंसी ▶▶ पोखरण

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की तरफ देश ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राजस्थान के पोखरण में सोलर ग्रुप ने पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स का सफल परीक्षण करके रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। कंपनी ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो उत्पादन बैचों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षण राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। सोलर ग्रुप ने बताया कि इस दौरान कुल 24 पिनाका एनहैंस्ड रॉकेट्स का परीक्षण किया गया। इन रॉकेट्स की सटीकता, स्थिरता और मारक


पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट का सफल परीक्षण

क्षमता को परखा गया। कंपनी के अनुसार, सभी रॉकेट्स ने मैदानी परिस्थितियों में असाधारण रूप से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और अपने सभी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह पहली बार है जब पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स के उत्पादन बैचों का परीक्षण किसी निजी कंपनी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है। यह निजी क्षेत्र की बढ़ती क्षमता और आत्मनिर्भरता का बड़ा प्रमाण है।

पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति पर चर्चा

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, ईद की दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के साथ उच्चस्तरीय कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए वहां के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा बातचीत में पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस से क्षेत्रीय शांति और समुद्री सुरक्षा पर भी बातचीत की। पीएम ने खुद इस बातचीत का जानकारी ट्वीट कर दी है। उन्होंने सोशल


फाइल फोटो

मीडिया एक्स पर लिखा कि कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंताएं साझा कीं।

### भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए जताया आभार

पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की भारत द्वारा की गई निंदा को हमने फिर से दोहराया। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम ने आगे लिखा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने हेतु मैंने उनका आभार व्यक्त किया। इससे पहले, पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल-नहयान से फोन पर बात की थी।

---

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम

## आईसीजी को मिलेगी नई ताकत, नेक्स्ट जेनरेशन पोत निर्माण शुरू

» आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी निर्माण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (ओपीवी) के निर्माण का समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह रत्नागिरी स्थित मेसर्स वाईएमपीएल में आयोजित किया गया, जहां ओपीवी श्रृंखला के दूसरे और तीसरे पोत (यार्ड 16402 और 16403) के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई।

### अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे पोत


ओपीवी के निर्माण समारोह में उपस्थित आईसीजी के शीर्ष अधिकारी

ये नेक्स्ट जेनरेशन पोत 5,000 समुद्री मील की रेंज और 23 समुद्री मील की अधिकतम गति हासिल करने में सक्षम होंगे। करीब 117 मीटर लंबे इन पोतों में 11 अधिकारियों और 110 जवानों के रहने की क्षमता होगी। इनमें एआई-आधारित पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली, रिमोट पायलटेड ड्रोन, इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम और इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल होंगी। यह परियोजना मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा 'बाय (इंडियन-आईडीडीएम)' श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित की जा रही है। छह नेक्स्ट जेनरेशन ओपीवी के निर्माण का अनुबंध 20 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ था।

### समुद्री सुरक्षा में होगा बड़ा इजाफा

इन नए पोतों के शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कदम देश की तटीय सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस निर्माण समारोह की अध्यक्षता आईजी सुधीर साहनी ने की। इस दौरान भारतीय तटरक्षक बल और एमडीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

आईओएस सागर पहल

### 16 देशों के साथ समुद्री साझेदारी को मजबूत करने की नौसेना की पहल

भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही है। नौसेना ने 'आईओएस सागर' के दूसरे संस्करण की शुरुआत कर दी है। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू किया गया 'आईओएस सागर' एक विशेष ऑपरेशनल कार्यक्रम है। इसका मूल उद्देश्य मित्र राष्ट्रों के नौसैनिकों को भारतीय नौसेना के जहाज पर एक साथ प्रशिक्षण और समुद्री अनुभव प्रदान करना है। यह कार्यक्रम 16 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इस पहल के तहत विभिन्न देशों के इन अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को जहाज पर होने वाली गतिविधियों और पेशेवर प्रशिक्षण में शामिल किया जाता है। इससे अलग-अलग देशों के नौसैनिकों के बीच आपसी तालमेल, सहयोग और समुद्री अभियानों की समझ को बढ़ावा मिलता है। प्रारंभ किए गए इस संस्करण में 16 मित्र देशों के नौसैनिक भाग ले रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109